# लापता युवक का शव लावारिस में दफन पुलिस पर लापरवाही के आरोप तेज

**अखंड भारत संदेश**

**करछना प्रयागराज।** पचदेवरा गांव में रेलवे ट्रैक के पास मिले एक युवक के शव को अज्ञात मानकर पोस्टमार्टम भेजने और बाद में लावारिस में अंतिम संस्कार करा देने का मामला तूल पकड़ रहा है। मृतक की पहचान डीहा गांव के युवक अंकित यादव के रूप में होने के बाद परिजनों ने हल्का दरोगा पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना उस समय चर्चा में आई जब सोशल मीडिया पर वायरल एक फोटो देखकर परिवार को शक हुआ। जांच करने पर पता चला कि रेलवे पटरी से मिला शव उसी युवक का था, जो घटना वाले दिन घर से लापता हुआ था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को गुमशुदगी की जानकारी देने के बाद भी रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान कराने का प्रयास नहीं किया गया। न आसपास के गांवों में सूचना दी गई, न ही परिजनों से पूछा गया, जिसके चलते अंकित के अंतिम दर्शन तक परिजन वंचित रह गए। परिवार का कहना है कि पुलिस की इस लापरवाही ने उनकी पीड़ा और बढ़ा दी है। मृतक के पिता ने डीसीपी यमुनानगर को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात शव मिलने पर पहचान कराना पुलिस की मूल जिम्मेदारी होती है, लेकिन इस मामले में अत्यधिक ढिलाई बरती गई, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिला था अज्ञात शव, सोशल मीडिया में वायरल फोटो से हुई पहचान

**करछना प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव के पास दो हफ्ते पूर्व रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात शव आखिरकार पहचान में आ गया। परिजनों ने फोटो देखकर युवक की पुष्टि की, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव के सामने रेलवे पटरी पर 25 नवंबर की देर रात एक युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने उसे अज्ञात मानकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और उसकी पहचान के प्रयास जारी थे। बुधवार को इस मामले में बड़ा अपडेट आया, जब डीहा गांव के अशोक यादव ने थाना

परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप, पुलिस पीएम रिपोर्ट के आधार पर जांच में जुटी



पहुंचकर फोटो देखा और मृतक की पहचान अपने 22 वर्षीय बेटे अंकित यादव के रूप में की। परिजनों के अनुसार, अंकित 25 नवंबर की शाम करीब 6 बजे घर से पैदल ही निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चल सका था। अंकित तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था। वह पेशे से हलवाई का काम करता था और परिवार की आर्थिक मदद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। शव की पहचान होते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन घटना को संदिग्ध मानते हुए पूरी जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मृत्यु के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी और इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेड ईगल पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव क्षेत्र के भिउरा स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय रेड ईगल पब्लिक में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।यह प्रतियोगिता दिनांक 12/13/व 14 दिसम्बर को विद्यालय में खेल के मैदान में आयोजित होगी जिसमें विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।यह आयोजन विगत कई वर्षों से हो रहा है, जिसमें विद्यार्थी खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में दौड़ एथलेटिक्स वॉलीबॉल, खो खो,कबड्डी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।इसी काम में क्रम में दिनांक 14 दिसंबर को विद्यालय में स्वर्गीय कृपा शंकर पांडे स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी विशेष आयोजन किया गया है। जिसमें सीबी एसई बोर्ड के विभिन्न विद्यालयों की वॉलीबॉल टीम अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी।



## नवयुवक ब्राह्मण समाज की बैठक में गारापुर में लापता बालिका की बरामदगी की उठी मांग

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय कार्यालय, गारापुर में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सघनगंज क्षेत्र की 13 वर्षीय लापता ब्राह्मण बालिका के मामले को प्रमुखता से उठाया।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आरोप लगाया कि बालिका लगभग एक महीने से लापता है। परंतु अब तक उसकी बरामदगी नहीं हो सकी है। सदस्यों का कहना है कि मामले में पुलिस की ढिलाई साफ दिखाई दे रही है। और प्रभावी कार्यवाही आवश्यक है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि बालिका को शीघ्र बरामद कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान संगठन के अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और हम चाहते हैं कि पुलिस मामले का निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कठोर दंड दिलाए। वहीं बैठक में संगठन के कुछ सदस्यों ने आई ए एस संतोष वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की। संगठन का कहना है कि इस मामले में सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। बैठक में संरक्षक कृष्ण देव द्विवेदी, उपाध्यक्ष सूर्यमणि पांडे, प्रवेश शुक्ला, विजय तिवारी, किशन शुक्ला, मुन्ना शुक्ला, पवन शुक्ला, राकेश मिश्रा, कपिल तिवारी, प्रमोद शुक्ला, रामचंद्र गोसाई, विद्याधर पांडे, ए. एल द्विवेदी, संतोष पांडे, सुनील तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

# नौढिया तरहार में लगातार हो रहा अवैध खनन

**अखंड भारत संदेश**

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत, लाखों में राजस्व की हानि

प्रशासन व खनन विभाग की कार्यशैली संदिग्ध, पूर्व में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई



फाइल फोटो

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के नौढिया तरहार में लगातार हो रहे अवैध खनन की शिकायत गुरुवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज की है। नौढिया तरहार के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से लिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि नौढिया तरहार में दबंग खनन माफियाओं द्वारा रोजाना रात्रि में यमुना नदी के बीच धारा से अवैध खनन किया जा रहा है. जिसकी शिकायत पूर्व में खनन विभाग,एसडीएम बारा एवं लालापुर पुलिस से की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जबकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सख्त आदेश है कि जहां पानी भरा हो वहां से बालू खनन करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है. उसके बावजूद भी खनन माफियाओं द्वारा रोजाना रात्रि में लगातार अवैध खनन किया जा रहा है, जिसे रोकने में स्थानीय पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि यमुना नदी में लगातार हो रहे अवैध खनन के कारण किसानों की भूमि हर साल कटती जा रही है, अगर समय रहते अवैध खनन को नहीं रोका गया तो किसानों की भूमि धीरे धीरे बर्बाद हो जाएगी।



## पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत बच्चों को वितरित की गई मूंगफली की चिक्की

**जसरा।** प्रयागराज पीएम पोषण योजनान्तर्गत शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में उपस्थित सभी बच्चों को अतिरिक्त खाद्य सामग्री के रूप मूंगफली की चिक्की का वितरण किया गया। ध्यातव्य है कि सरकार ने ठंड में माह दिसम्बर से लेकर मार्च माह तक सप्ताह में एक दिन गुरुवार को मूंगफली के चिक्की वितरण का आदेश दिया है।अतिरिक्त पोषण खाद्य सामग्री मिलने से बच्चे बहुत खुश थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने बताया कि सरकार ने फ्लेक्सी फण्ड से सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के अन्तर्गत वृहस्पतिवार को अतिरिक्त खाद्य सामग्री के रूप में गत वर्ष से चिक्की वितरण की योजना शुरू किया गया है।इस अवसर पर विद्यालय के भारतेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार शुक्ल, इरफान अहमद, नाज़िया सुल्ताना, जितेन्द्र कुमार शर्मा, आशीष कुमार गुप्ता, शरद कुमार, शिशिर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# तहसीलदार बारा ने क्रय केंद्र का किया निरीक्षण,मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



**बारा प्रयागराज।** गुरुवार को तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी ने क्षेत्र के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से क्रय केंद्रों पर हड़कंप मच गया। कुछ क्रय केंद्रों पर ताला लटकता मिला। शासन द्वारा किसानों के धान का उचित मूल्य दिलाने के लिए बारा तहसील के विभिन्न कस्बों और गांवों में कुल बाइस क्रय केंद्र खोले गए हैं। इसके बावजूद किसान बिचौलिए के हाथों धान बेचने को विवश हैं। तहसीलदार बारा ने तहसील क्षेत्र के मध्य प्रदेश की सीमा से लगे क्रय केंद्र नौढ़िया उपरहार,अकौरिया और सोनपुरा में क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। तहसीलदार बारा के सोनपुरा क्रय केंद्र पर अचानक पहुंचने पर अफरा तफरी मच गई। तहसीलदार बारा ने केंद्र प्रभारी को किसानों से ही धान की खरीदी करने का निर्देश दिया और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया है। उन्होंने मौजूद किसानों से भी बातचीत किया तथा परेशानियों की जानकारी ली।इसके अतिरिक्त वे मध्य प्रदेश की सीमा से लगे नौढ़िया उपरहार और अकौरिया के केंद्र का भी निरीक्षण करने पहुंची तो दोनों केंद्र बंद पाए गए। तहसीलदार बारा ने केंद्र बंद होने की सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बारा तहसील में कई क्रय केंद्र अभी तक केवल कागज पर ही चल रहे हैं और धान की खरीद भी कर रहे हैं।





# छात्रों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम : आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को दिया गया पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** बुधवार को जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज जारी प्रयागराज में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, जिला स्वास्थ्य समिति प्रयागराज के सौजन्य से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को नशा मुक्त करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जसरा ब्लाक की स्वास्थ्य कर्मी डॉ शबीना रियाज , डॉ उषा एवं उनकी सहयोगी टीम कार्यक्रम में मौजूद रही। इस कार्यक्रम के माध्यम से तंबाकू के सेवन करने से होने वाले नुकसान पर एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागी प्रथम स्थान राधा प्रजापति (कक्षा 12), द्वितीय स्थान कन्हैया लाल (कक्षा 12) एवं तृतीय स्थान आयुषी जायसवाल (कक्षा 12) को प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती सविता मिश्रा ने सभी आये हुए छात्र - छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## श्री कृष्ण की बाल लीला एवं रासलीला सुनकर भावविभोर हुए चनेथू निवासी



**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में मुख्य यजमान घनश्याम पांडेय एवं मुंदर देवी के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवे दिन गुरुवार को कथा व्यास संजय कृष्ण त्रिपाठी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गौ प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी, गोपियों के साथ रासलीला सहित अन्य कई प्रसंगों की कथा के दौरान वर्णन किया। श्रीमद्भाभागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए। महाराज द्वारा रासपंचध्याय एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग पर विस्तृत चर्चा करते हुए गोवर्धन पूजा करवाई। उपस्थित सैकड़ों लोग भागवत कथा सुनकर भावविभोर हो गये, कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ओझा, आचार्य भानू प्रकाश मिश्र, कैलाश नाथ पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, विजय श्याम पांडेय, प्रमोद पांडेय, अशोक पांडेय, संतोष पांडेय, पवन पांडेय एवं प्रवेश देवी, अनिल पांडेय, अच्छे लाल पांडेय, मनोज लवकुश, दीपू, नीलेश, प्रीत, शुभम, रौनक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मांडा में महिला की ट्रेन से कटकर मौत

रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**मांडा।** यमुनापार के मांडा क्षेत्र में बामपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई। यह घटना आज रात को हुई। मृतक की पहचान बादपुर निवासी सरोज सोनकर पत्नी भगवानदास सोनकर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर मांडा पुलिस प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू की और पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। मृतका के परिजन सूचना मिलने पर मांडा थाने पहुंचे। फोटो के माध्यम से शव की शिनाख्त सरोज देवी के रूप में हुई, जो गांव बादपुर, थाना मांडा, जिला प्रयागराज की निवासी थीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला ने कथित तौर पर घरेलू विवाद से परेशान होकर रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली ।वही मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा व चौकी प्रभारी भारत गंज सुभाष सिंह ने पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर विक्षिप्त शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद परिजनों को एसआरएन अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### स्कॉर्पियो ने टोटो रिक्शा को मारी टक्कर, चार महिलाएँ गंभीर रूप से घायल

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के प्रयागराज–मिजार्पुर राजमार्ग पर गुरुवार को एक सड़क हादसे में चार महिलाएँ गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह घटना चिलबिला स्थित गौरी शंकर पेट्रोल पंप के सामने हुई, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टोटो रिक्शा को टक्कर मार दी। घायल महिलाएँ बरहा कला की निवासी बताई जा रही हैं। टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो है। हादसे में टोटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे टक्कर के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विद्यालय प्रांगण में नेत्र शिविर का हुआ आयोजन




**जसरा।** प्रयागराज श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के संयोजन तथा केसरवानी शिक्षा समिति के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समिति के संस्थापक स्वर्गीय केदारनाथ गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत शुरू किया गया। उक्त शिविर में 100 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण विद्यालय में किया गया। जिसमें मनोहरदास नेत्र चिकित्सालय प्रयागराज की ओर से आए चिकित्सक डॉ० पीयूष पांडेय एवं डॉ० निखिल सचान के द्वारा आंख की जांच किया गया। परीक्षणोंपरांत कुल 22 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। सभी मरीजों को समिति की ओर से दवा, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था की गई। विद्यालय के उप प्रबन्धक सतीश केशरवानी उर्फ चुच्चू और विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेंद्र सिंह ने रोगियों का स्वागत किया। शिविर में शिक्षक सुनील साहू, अचलेन्द्र जायसवाल, कुलभूषण मिश्रा,रंगलाल यादव, जय सिंह, रामलखन प्रजापति, चन्द्रशेखर,सुरेश कुमार, राजकुमार, श्याम सिंह,श्याम जी, उमाकांत तथा एनसीसी कैडेट्स ने रोगियों का सहयोग किया।

### ठंड लगने से अधेड़ महिला की मौत

**बारा, प्रयागराज।** बारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गींज के मजरा पूरे बैजनाथ में बुधवार देर रात एक अधेड़ महिला की मौत हो गई है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया है। क्षेत्र के पूरे बैजनाथ निवासिनी बबली( 51) पत्नी पप्पू सिंह की मौत हुई है। परिजनों के अनुसार बुधवार दोपहर स्नान करने के बाद उनकी तबियत खराब हो गई। इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई है। डाक्टर ने ठंड लगने की बात बताया है।

# पूर्व विधायक के पुत्र का हुआ निधन क्षेत्र में शोक की लहर





**जंघई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सच्चिदानंद पांडेय के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को श्रद्धांजलि देने वालों का दिन भर आना जाना जारी रहा। पूर्व विधायक स्वर्गीय राजित राम पांडेय के सुपुत्र सच्चिदानंद पांडेय का हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया जिससे क्षेत्र में उनके चाहने वालों में शोक की लहर है। समाचार सुनकर लोग स्तब्ध हो गए अत्यंत मृद्धाभाषी सामाजिक गंभीर चीनी पांडेय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे और जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष थे। सेवना ग्राम निवासी सच्चिदानंद चीनी पांडेय के नाम से लोकप्रिय थे वह एक बार हंडिया विधानसभा से चुनाव लड़ चुके थे। प्रतापपुर विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी संजय तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मधुसूदन पांडेय, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्लू मिश्रा, अनिकेत पांडेय, अंकुर पांडेय, कमलेश पांडेय, मिथिलेश मिश्रा, राजेश भारतीय, आदर्श प्रजापति, गुड्डू नकवी ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। अंतिम संस्कार आज लाक्षागृह घाट पर किया जाएगा।

# मिलावटी खाद्य सामग्री : जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे खाद्य पदार्थ व्यापारी

एक्सपायरी सामग्रियां मिलावटी दुग्ध पनीर खाने से लोग हो रहे बीमार, करा रहे उपचार

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** इन दिनों कोरांव क्षेत्र में धड़ल्ले से दुकानों पर मिलावटी खाद्य सामग्रियां,और एक्सपायरी सामग्रियां की बिक्री हो रही है,जिससे मानव जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है निगरानी और अंकुश लगाने वाली संस्थाएं खामोश हैं। मार्केट में तेल, घी, मसाले,दुग्ध, मिठाइयां, पनीर, खोवा, नकली बिक्री होने से सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। बंद पैकेट में मिलने वाली नमकीन, चिप्स, काफी आदि सामग्रियां एक्सपायरी डेट की होने के कारण उसमें कीड़े तक पड़ गए हैं। झटके में अगर किसी ने खाते देख लिया तो ठीक है वर्ना उक्त खाद्य पदार्थ शरीर में लीवर,गुर्दा,हार्ट,पर विपरीत असर पहुंचाएगा।

इस समय दुग्ध विक्रेता भारी संख्या में जो डेरी आदि स्थानों पर दुग्ध आपूर्ति कर रहे हैं उसमें मिलावटी पदार्थ होने के कारण दुग्ध का स्वाद अलग तरह का पिला मीठा खारा टाइप्स का होता दिखता है। चर्चा है कि दुग्ध क्रेता दुग्ध के भंडारण करने के लिए आपूर्ति निर्यात के लिए एक विशेष किस्म का केमिकल मिक्स करते है जिससे दुग्ध जल्दी खराब नहीं होता और फैट भी बढ़ता है,जिंदगी घटाने के लिए रामबाड़ का कार्य करता है। और उक्त केमिकल यदि हाथों से बोरियों में निकाल कर मिक्स करते हैं कर्मचारी तो हाथ में दास्तान न लगे तो हाथ की उंगलियां भी कट फटने लोहुलूहान होने लगती हैं। इतना तक कि यदि किसी ने भूल वश या कोई बच्चा मुंह में डाल लिया तो मुंह खराब के साथ साथ जान पर भी भारी पड़ जाता है। जिसे दुग्ध व्यवसाई छिपा कर रखते हैं। कोरांव,सहित किसी भी क्षेत्र की दुकान स्टोरों पर यदि छापा मारा जाए तो भारी मात्रा में अनब्रांडेड,नकली सामग्रियां, गुड़ तेल, घी, पनीर, नमकीन, पपड़ी, चिप्स, बिस्कुट, मसाले, काफी, पकड़ी जाएंगी। जो मानव जीवन के लिए खतरा है। इस प्रयोग से निगरानी एजेंसियों के कारण लोग बीमार हैं। मार्केटिंग इंस्पेक्टर, फूड इंस्पेक्टर्स दुकानदारों से अच्छी खासी माहवारी रकम पाते हैं जिस कारण कोई विधिक कार्यवाही नहीं करते। कोरांव में कई साल पूर्व दुग्ध विक्रेताओं के पूरे डिब्बों बाल्टियों की चेकिंग औचक रूप से होती थी जिसे दुग्ध विभाग के अधिकारी चेकिंग के बाद नाली में दूध फिंकवा देते थे। खाद्य सामग्रियां की गोदामों पर सक्छम अधिकारियों का छापा पड़ता था तो दुकानदार सुधरे रहते थे। किंतु अब सब बेखौफ नकली मिलावटी खाद्य पेय पदार्थों की बिक्री एक्सपायरी डेटो की तिथियां बदल बदल कर खुले आम बेंच रहे हैं। जिला प्रशाशन तहसील प्रशासन का ध्यान उक्त कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है।

# श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित मार्गों से मेले में प्रवेश एवं वापसी की रहे व्यवस्था

**माघ मेला के आयोजन के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन की कार्यवाहियों को बेहतर बनाने एवं लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न**

**अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के बारे में लोगो को करें जागरूक**

**सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में नेटवर्क कंजेक्शन से निपटने हेतु करें आवश्यक प्रबंध**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में आगामी माघ मेला के आयोजन के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन की कार्यवाहियों को बेहतर करने के उद्देश्य से एवं दिनांक 22 एवं 23 दिसम्बर, 2025 को प्रस्तावित सिम्पोजियम कम टेबल टॉप एक्सरसाइज के सम्बंध में मेला प्राधिकरण के आईसीसीसी सभागार में आपदा प्रबंधन की बैठक उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लेफ्टिनेंट जनरल श्री योगेंद्र डिमरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज तथा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में भीड़ प्रबंधन, विभिन्न मार्गों पर बनाये गये पार्किंग स्थलों पर व्यवस्था, फायर, होल्डिंग एरिया, आपातकालीन व्यवस्था, जल पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, रोडवेज, विद्युत सहित अन्य विभागों के साथ आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने कहा कि माघ मेला के आयोजन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने में आपदा प्रबंधन का विशेष महत्व है। माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन के सभी पहलुओं पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है जिसमें कि महत्वपूर्ण पहलू सभी विभागों के मध्य आपसी समन्वय एवं पूर्वाभ्यास है। उन्होंने कहा कि मुख्य स्नान पर्वों के अलावा सामान्य दिनों में भी सावधानी एवं सतर्कता बनाये रखना आवश्यक होगा। कहा कि प्रत्येक सेक्टर के सेक्टर मजिस्टेज्ट एवं पुलिस उपाधीक्षक तथा अग्निशमन अधिकारी एक-दूसरे से समन्वय बनाते हुए तथा संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मार्गों का अवलोकन कर मार्गों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त कर ले, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में सम्बंधित स्थल पर शीघ्रता से पहुंचा जा सके। उन्होंने अग्निशमन विभाग को मेला क्षेत्र की एक-एक रास्ते की जानकारी रखने एवं फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियों को भी सभी मार्गों पर चलाकर उनके सुगम आवागमन की जांच करने एवं पूर्वाभ्यास भी करने के लिए कहा। कहा कि पार्किंग स्थलों पर बिजली, पानी, स्वच्छता, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को निर्धारित मार्गों से नियंत्रित ढंग से मेले में प्रवेश एवं निर्धारित वापसी मार्गों से ही उनके लौटने की व्यवस्था रहे तथा कहीं पर भी क्रासिंग प्वाइंट न बने, इस सम्बंध में सभी आवश्यक कार्यवाहियां समय से सुनिश्चित की जाये।लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने मेला में आने वाले एक-एक मार्गों पर बनाये गये पार्किंग स्थलों के बारे में भी जानकारी ली, जिसपर उन्हें बताया गया कि कुल 7 मार्गों से श्रद्धालुओं का आगमन होगा और इन मार्गों पर कुल 42 स्थानों पर पार्किंग बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों पर मूवमेंट फ्री रहे। आपातकालीन योजना के बारे में डीसीपी यातायात नीरज पाण्डेय ने बताया कि आपातकालीन योजना के तहत भीड़ प्रबंधन हेतु 8 प्रकार की योजना बनायी गयी है, जिनका आवश्कतानुसार उपयोग किया जायेगा। अलाव को कैम्पों के अंदर की बजाय शिविरों में निर्धारित स्थान पर ही जलाया जाये। अग्निशमन विभाग एवं विद्युत विभाग इस सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करा लें। स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्ययोजना के बारे में विचार-विमर्श करते हुए उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में एम्बुलेंस की लोकेशन के बारे में सेक्टर मजिस्टेज्ट एवं स्वास्थ्य विभाग को अवश्य जानकारी रहे तथा एम्बुलेंस के चालक सभी मार्गों का भ्रमणकर मार्गों के बारे में अच्छे ढंग से जानकारी प्राप्त कर ले, जिससे त्वरित गति से घटना स्थल पर पहुंच सके। रेलवे विभाग के सम्बंध में टेज्नों के आवागमन तथा होल्डिंग एरिया में की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए सभी स्टेशनों पर गलत सूचना का प्रसारण व कम समय में प्लेटफार्म बदलने का एनाउंसमेंट किसी स्थिति में नहीं करने के लिए कहा। विद्युत विभाग के कार्यों के बारे में उन्होंने कहा कि मुख्य लाइन से रेजिडेंशियल क्षेत्र में जो बिजली के तार लगाये जाये, उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से नियमित रूप से जांच किए जाने की व्यवस्था रहे। उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे के डिस्प्ले की निगरानी करने वाले कर्मियों को कैमरों की फिजिकल लोकेशन का भ्रमणकर कैमरे के व्यू के बारे में जानकारी रखने के लिए कहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केन्द्र का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार, प्रत्येक विद्युत खम्भे की नम्बरिंग कराये जाने एवं खम्भों पर क्यूआर कोड भी लगाये जाने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि मेले में प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित आये, सुरक्षित जाये, यहीं हमारा प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा, डीसीपी नगर मनीष शांडिल्य, अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## नैनी नये यमुना पुल से व्यक्ति ने लगाई छलांग, मौके पर तैनात जल पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला

**नैनी।** नैनी नये यमुना पुल से एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जिसके बाद उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। व्यक्ति की पहचान राशिद खुल्दाबाद के रूप में हुई। दोपहर में नैनी ब्रिज पर अचानक राशिद पुल पर पहुंचे। जब तक कोई समझ पता उन्होंने छलांग लगा दी। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गयी। वहां मौके पर तैनात जल पुलिस के जवान विशाल यादव और मोहन यादव ने मौके पर मोटर बोट से पहुंचकर तत्परता दिखा्ते हुए बीच धारा से बचाकर बाहर निकाला। जवानों ने उसे बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया और उसके परिवार को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही दलनायक मिथिलेश कुमार राय भी मौके पर पहंचे और उन्होंने आगे की कार्रवाई के लिए जल पुलिस प्रभारी और थाना कीडगंज को अवगत कराया। जवानों की इस बहादुरी और तेजी से की गई मदद की वहां मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा पुलिस ने बहुत जल्दी मदद की नहीं तो जान जा सकती थी।

# इतिहास में पहली बार बना माघ मेले का लोगो, मुख्यमंत्री ने किया जारी

अखंड भारत संदेश

॥ माघ मेला प्रयागराज ॥

**प्रयागराज।** माघ मेले के इतिहास में पहली बार मेले के दर्शन तत्त्व को परिलक्षित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी के स्तर से माघ मेले का लोगो जारी किया गया है। इस लोगो के अन्तर्गत तीर्थराज प्रयाग, संगम की तपोभूमि तथा ज्योतिषीय गणना के अनुसार माघ मास में संगम की रेती पर अनुष्ठान करने की महत्वता को समग्र रूप से दशार्या गया है।सर्वप्रथम लोगो में सूर्य एवं चंद्रमा की 14 कलाओं की उपस्थिति ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य, चंद्रमा एवं नक्षत्रों की स्थितियों को प्रतिबिंबित करता है जो प्रयागराज में माघ मेले का कारक बनता। भारतीय ज्योतिषीय गणना के अनुसार चंद्रमा 27 नक्षत्रों की परिक्रमा लगभग 27.3 दिनों में पूर्ण करता है। माघ मेला इन्हीं नक्षत्रीय गतियों के अत्यंत सूक्ष्म गणित पर आधारित है। जब सूर्य मकर राशि में होता है और पूर्णिमा के दिन चंद्रमा माघी या अश्लेषा-पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रों के समीप होता है, तब माघ मास बनता है और उसी काल में माघ मेला आयोजित होता है। चंद्रमा की 14 कलाओं का संबंध मानव जीवन, मनोवैज्ञानिक ऊर्जा और आध्यात्मिक साधना से माना गया है। माघ मेला चंद्र-ऊर्जा की इन कलाओं के सक्रिय होने का विशेष काल भी है। अमावस्या से पूर्णिमा की ओर चंद्रमा की वृद्धि (शुक्ल पक्ष) साधना की उन्नति के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। माघ स्नान की तिथियाँ चंद्र कलाओं के अत्यंत सूक्ष्म संतुलन पर चुनी जाती हैं। माघ महीने की ऊर्जा (शक्ति) अनुशासन, भक्ति और गहन आध्यात्मिक कार्यों से जुड़ी होती है क्योंकि यह महीना पवित्र नदियों में स्नान, दान, तपस्या और कल्पवास जैसे कार्यों के लिए विशेष माना जाता है। इस माह में किए गए कार्य व्यक्ति को निरोगी बनाते हैं और उसे दिव्य ऊर्जा से भर देते हैं। प्रयागराज का अविनाशी अक्षयवट, जिसकी जड़ों में भगवन ब्रह्मा जी का, तने में भगवन विष्णु जी का एवं शाखाओं और जटाओं में भगवन शिव जी का वास है, उसके दर्शन मात्र से मोक्ष मार्ग सरल हो जाता हैं। इसी कारण कल्पवासियों में उसका स्थान अद्वितीय है। सनातन धर्म के अनुसार मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति हैं अतः महात्मा का चित्र इस देव भूमि में सनातनी परम्परा को दशार्ता है जहां चिर काल से ऋषि-मुनि आध्यात्मिक ऊर्जा हेतु आते रहे हैं।माघ मास में किए गए पूजन एवं कल्पवास का पूर्ण फल संगम स्नान के उपरांत श्री लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन से प्राप्त होता हैः अतः लोगों पर उनके मंदिर एवं पताका की उपस्थिति माघ मेले में किए गए तप की पूर्णताः की व्याख्या करता है। संगम पर साइबेरियन पक्षियों की उपस्थिति यहाँ के पर्यावरण की विशेषता को दशार्ता है। लोगो पर श्लोक ₹माघे निमज्जनं यत्र पापं परिहरेत ततः₹ का अर्थ है माघ के महीने में स्नान करने से सभी पाप मुक्ति हो जाती है। यह लोगो मेला प्राधिकरण द्वारा आबद्ध किए गए डिजाइन कंसल्टेंट अजय सक्सेना एवं प्रागल्भ अजय द्वारा डिजाइन किया गया।

# बड़ा हादसा टला : टैंकर गाड़ी में गैस रिसाव पर दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

**कार की जोरदार टक्कर से ज्वलनशील गैस की टैंकर गाड़ी में होने लाग रिसाव,दमकल की कई गाड़ियां, सीओ फायर एवं थरवई पुलिस भी रही मौजूद**



अखंड भारत संदेश

**थरवई।** थरवई में हाइवे पर टला बड़ा हादसा ज्वलनशील गैस से भरी टैंकर की जा रही थी तभी पीछे से तेज रफ़्तार से कार की जोरदार टक्कर से टैंकर में गैस रिसाव के चलते टीम की सक्रियता से बड़ा हादसा होने से टला। मामला थाना क्षेत्र थरवई के बेरुई हाइवे निकट हाइवे से एक ज्वलनशील गैस से भरी टैंकर गाड़ी जा रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार की जोरदार टक्कर से प्रोपलीन गैस भरी गाड़ी में टकराने से टंकी में उसके गैस रिसाव शुरू हो गया तभी घटना की तत्काल सूचना थाना थरवई, फायर स्टेशन एवं हाइवे टीम को मिली तो सूचना मिलते ही आनन फानन में पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचे साथ फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां भी मौके पर पहुंचकर पानी की तेज बौछार करते हुए टैंकर गाड़ी में हो रही गैस रिसाव पर करीब दो घंटे में कड़ी मेहनत के बाद उस पर काबू पाया जिससे भयावह हादसा होने से टला। वहीं पुलिस टीमें भी निरंतर जुटी रहीं। करीब दो घंटे तक दमकल की गाड़ियों द्वारा पानी के बौछार करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद गैस के रिसाव पर काबू पाया गया। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। मौके पर सीओ फायर, थाना थरवई से इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय, सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, गिरीश कुमार सहित टीम भी मौके पर मौजूद रहते हुए सभी के अथक प्रयास से टला हादसा। इंस्पेक्टर संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि मथुरा से पारादीप वेस्ट बंगाल के लिए जा रही थी गाड़ी। मौके पर एस आई अमित कुमार ने बताया की इसमें प्रोपलीन गैस टैंकर में भरी थी जो एल पी जी से भी खतरनाक गैस होती है गैस पर काबू पाने के बाद टैंकर को सहसों रिंग रोड निकट सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया गया एवं तीन दमकल की गाड़ियां भी लगाई गई है जिससे आगामी किसी भी प्रकार की हादसे न हों। बताया जा रहा टैंकर में भरी प्रोपलीन गैस प्लास्टिक के सामानों को बनाने में प्रयोग किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### सनबीम किड्स स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस सकुशल संपन्न



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सनबीम किड्स स्कूल के वार्षिक खेलकूद दिवस (उड़ान) का आयोजन अवंतिका रामलीला पार्क, पी डी ए कॉलोनी, नैनी में प्रबंधक वी.के गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ गीता गुप्ता तथा उप प्रधानाचार्य विश्वास सिंह और स्कूल के सभी अध्यापकों द्वारा बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलेश कुमार दुबे (ब्लॉक प्रमुख करछना) तथा अतिथि बी बी दुबे, अवधेश पाण्डेय, आर के पांडेय द्वारा रिबन काट कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। खेल मैदान में पूरे दिन रोमांच का माहौल रहा। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़, सैक रेस , खो-खो आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और टीम-स्पिरिट का शानदार प्रदर्शन किया।

### बारा तहसील में तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने की जमकर नारेबाजी, कार्य का किया वहिष्कार




**बारा प्रयागराज।** बारा तहसील में तीसरी दिन अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए बिधिक कार्य को तब तक ठप्प रखने का फैसला किया है जब तक लम्बिन्त फाइल का निस्तारण नही हो जाता हैं। महीनों से फाइल अधिवक्ताओं की आदेश के लिए लम्बिन्त है मुवक्किल आकर अधिवक्ताओं से बार बार बहस करके मायूस होकर चले जाते है।जिस पर अधिवक्ताओं ने एस डी एम,व तहसीलदार से सभी कम्प्लीट लम्बिन्त फाइल के निस्तारण को लेकर काफी दिनों से आपस मे कहासुनी होती रही।नतीजा न निकलने पर मंगलवार को छुब्ध होकर न्यायिक कार्य से विरक्त रहने का फैसला किया। वृहस्पतिवार को एस डी एम ने प्रसाशनिक अदालत की सुनवाई सुरु करते ही,अधिवक्ता लामबंद होकर लगी अदालत बन्द बन्द करवा दिया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश प्रसाद द्विवेदी ने अधिवक्ताओं संग बैठक किया बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया गया जब तक मांगे पूरी नही होगी तब तक अदालत नही चलेगी।

# नगर आयुक्त द्वारा अस्थाई रैन-बसेरों का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** अत्यधिक ठंड के बढ़ते के प्रकोप को दृष्टिगत हुए निरश्रित एवं फुटपाथ एवं सड़को पर रात गुजारने वालो को ठंड से राहत के दृष्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज साई तेजा द्वारा दिनांक 10 नवम्बर 2025 को एम0जी0मार्ग पी0डी0टण्डन पार्क स्थित बने अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में टेन्ट के किनारों से ठंडी हवा आने की सम्भावन थी जिसको अच्छी तरह से कवर किये जाने के निदेश दिये गये साथ ही नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी अस्थाई रैन बसेरों में फायर सिस्टम, रैन बसेरों के द्वार पर पर्दा लगाये जाने, शुद्ध पेयजल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही सभी अस्थाई रैन बसेरों पर नगर निगम प्रयागराज का बोर्ड लगाने के साथ निरन्तर अलाव की व्यावस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा रैन बसेरों के आस-पास समुचित साफ-सफाई के निर्देश तथा डस्टबिन इत्यादि लगाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सभी अस्थाई रैन बसेरों में तकिया चादर, गद्दे, दरी एवं राजाई इत्यादि को साफ-सुथरा बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं सम्बन्धित अधिकारियों निरन्तर निरीक्षण करते रहने के निर्देश भी दिये गये। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव, मुख्य अभियन्ता डी0सी0 सचान, अधिशाषी अभियन्ता अनिल मौर्या एवं अजीत कुमार तथा अवर अभियन्तागण उपस्थित रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट के फरार आरोपी की तलाश में पश्चिम बंगाल पहुंची झूंसी पुलिस, डुगडुगी बजाकर दी कुर्की की चेतावनी

**झूंसी।** पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत पांच साल से फरार चल रहे एक आरोपी के पश्चिम बंगाल के मालदा स्थित घर पर पहुंचकर डुगडुगी बजवाकर मुनादी कराई और कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि फरार आरोपी बप्पा शेख पुत्र सुकुरुद्दीन शेख पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के वैष्णव नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव का निवासी है। उसको दारागंज पुलिस ने जाली नोटों की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद आरोपी पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी, जिसकी विवेचना झूंसी थाने से की जा रही है। गैंगस्टर की कार्यवाही के बाद से ही बप्पा शेख फरार चल रहा है। झूंसी पुलिस की एक टीम गुरुवार को पश्चिम बंगाल पहुंची और बप्पा शेख के आवास पर स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में डुगडुगी बजवाकर मुनादी कर नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने परिजनों को सख्त चेतावनी दी है कि यदि आरोपी बप्पा शेख 15 दिन के भीतर न्यायालय या पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं होता है, तो उसकी संपत्ति की कुर्की करने के साथ-साथ बुलडोजर से भी कार्रवाई की जाएगी।



## गन्नू मौर्य ने रोही और बहोरिकपुर स्कूल में वितरित किए बॉलीबॉल किट

**सोरांव।** वार्ड नंबर 34 से जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए तथा सरकार की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने व विकास की गंगा बहाने के लिए सोरांव ब्लॉक के बाहर सराय निवासी समाजसेवी व प्रधान पति राम गणेश मौर्य (गन्नू) मिस्त्री ने बृहस्पतिवार को कई गांव और स्कूलों में जाकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिए तथा युवा विद्यार्थियों को खेल किट का भी वितरण किए। सोरांव तहसील अंतर्गत रोही और बहोरिकपुर स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को खेल में रुचि लेने वाले टीम को बॉलीबॉल किट का वितरण किए। मौर्य ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर 34 से सभी सम्मानित मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो जरूर जरूरत मंद लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाई जाएगी। ग्रामीणों की माने तो राम गणेश मौर्य एक सम्मानित कर्मठशील तथा ईमानदार छवि के प्रत्याशी है। जरूरत पड़ने पर कभी भी किसी के साथ खड़े होने में हिचकते नहीं है। हमेशा लोगों के बीच में रहते है।

### पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया का क्षेत्र में भ्रमण



**सहसों।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं प्रयागराज के ब्राह्मण शिरोमणि पंडित कपिल मुनि करवरिया ने गुरुवार को क्षेत्र का मुलाकाती भ्रमण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय शुभचिंतक एवं समर्थक जनता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। पूर्व सांसद करवरिया के स्वागत का क्रम गारापुर निवासी रवि शुक्ला के आवास से शुरू हुआ। इसके बाद गंगापार में उनके प्रथम शुभचिंतक सहसों निवासी धरणीधर द्विवेदी के आवास पर लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी क्रम में भोपतपुर स्थित ह्यरायल कैफेह्न पर अमन मिश्रा उर्फ. भीम तथा थानापुर स्थित दुबे जी भोजनालय पर चंद्रेश नारायण द्विवेदी पिंटू आदि ने पूर्व सांसद का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पूर्व सांसद ने सभी का आतिथ्य एवं अभिनंदन स्वीकार करते हुए फूलपुर की तरफ रवाना हो गए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा, वेद मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, शिक्षक नेता रमेश कुमार द्विवेदी, रामबाबू केसरवानी, भूपेंद्र मिश्र, संदीप द्विवेदी, शाश्वत तिवारी, राजधर द्विवेदी, मनोज तिवारी, चंद्रधर द्विवेदी, शिव नारायण सिंह गप्पू, राजवंत सिंह, किशन शुक्ला, आशीष कुमार शक्ला, पिंटू केसरवानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## जमीन पर कब्जे की कोशिश, दबंगों ने किया हमला

**कौंधियारा।** कुकुढ़ी गांव में भूमिधरी भूमि पर अवैध कब्जे की नीयत से दबंगों द्वारा ग्रामीण सुभाष चन्द्र पर हमला किए जाने का आरोप सामने आया है। उन्होंने थाना कौंधियारा में तहरीर देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। सुभाष के अनुसार, शाम के समय कई लोग हथियारों के साथ घर पहुंचे और जमीन पर जाने से मना करते हुए गाली-गलौज व धमकी दी। आरोप है कि हमलावरों ने हवाई फायरिंग की और दरवाजे पर ईंट-पत्थर से हमला कर दहशत फैलाने की कोशिश की। सुभाष का कहना है कि उक्त लोग उसकी जमीन कब्जाने के प्रयास में लगातार धमकियां दे रहे हैं। घटना के बाद परिवार भयभीत है। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुस कर मार पीट पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विपक्षियो द्वारा जबरन खेत काटा जारहा था मना करने पर एक राय हो कर घर मे घुस कर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव निवासी कयाम उद्दीन पुत्र सिराज उद्दीन का आरोप है कि उसके खेत से जबरियन विपक्षी धान काट रहे थे। मना करने पर घर में घुसकर उसे मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कयाम उद्दीन ने मऊआइमा थाने में दानिश,नसीम, सलमान,ताजुब, नासिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## सरकारी जमीन को बेचने के आरोप में दस पर फ्राड का मुकदमा

**मऊआइमा।** कस्बा के मोहल्ला हजियाना में स्थित बंजर की लाखों की भूमि को दूसरों के हाथ बेच दिया गया । बताया गया है कि इसकी जानकारी जब लेखपाल राज कुमार सागर को हुई तो लेखपाल ने मऊआइमा थाने में रईस अहमद,सईद अहमद,अतीक अहमद,अनीस अहमद, हामिद महमूद ,शाहिद महमूद, तारिक महमूद, आमिर महमूद और गुलाम नबी , गुलाम हुसैन निवासीगण मोहल्ला हजियाना के खिलाफ जालसाजी, फ्राड का मुकदमा दर्ज कर अतीक अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# फिल्म भागवत में चमके प्रयागराज के देवाशीष, निभाया दमदार कांस्टेबल का रोल



**लालबत्ती और कोर्ट कचेरी वेबसीरीज के बाद फिल्म भागवत में भी देवाशीष श्रीवास्तव का दमदार प्रदर्शन**

**स्थानीय पत्रकार देवाशीष का बड़ा पर्दे पर जलवा, लोगो ने दी शुभकामनायें**

**प्रयागराज।** शहर के क्षेत्रीय पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव ने बड़े पर्दे पर अपनी शानदार शुरूआत की है। बहुप्रतीक्षित फि ल्म ह्रभागवतह्न में उन्होंने कांस्टेबल का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। फि ल्म में बॉलीवुड अभिनेता अरशद वार्शी (सर्किट) और ओटीटी स्टार जितेंद्र कुमार (जीतू भैया) मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसी फि ल्म में प्रयागराज के पत्रकार देवाशीष श्रीवास्तव कुल 4झ्र5 प्रमुख दृश्यों में नजर आए हैं, जहां उनका किरदार कहानी के महत्वपूर्ण मोड़ों से जुड़ा हुआ है। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और संवाद अदायगी ने दर्शकों और स्थानीय लोगों का ध्यान खूब खींचा है। स्थानीय पत्रकारिता जगत के लिए भी यह खबर गर्व का विषय बनी हुई है, क्योंकि पहली बार किसी क्षेत्रीय पत्रकार ने मुख्यधारा की बॉलीवुड फि ल्म में रोचक भूमिका निभाई है। इस अवसर पर देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह अनुभव मेरे जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। पत्रकारिता के साथ-साथ अभिनय का शौक हमेशा से था। ह्यभागवतह्न फि ल्म में काम करने का अवसर मिला तो पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश की। अरशद वार्शी और जितेंद्र कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम करना प्रेरणादायक रहा। आगे भी यदि अच्छी भूमिकाएं मिलीं, तो जरूर काम करूंगा। फि ल्म में उनकी भागीदारी से प्रयागराज के पत्रकारों और युवा कलाकारों में उत्साह है। स्थानीय लोगों ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें ढेरों बधाइयाँ दी हैं और फि ल्म देखने के लिए उत्सुकता जताई है। आपको बता दें की इसके पहले भी देवाशीष ने लाल बत्ती में स्टूडेंट, कोर्ट कचेरी में वकील का रोल निभा चुके है।

**फिल्म की कहानी :** सच्ची घटनाओं पर आधारित डार्क थ्रिलर

फिल्म भागवत उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज में लड़कियों के रहस्यमयी ढंग से गायब होने के एक सनसनीखेज केस पर आधारित है। कहानी की शुरूआत 2009 में होती है, जब पूनम मिश्रा नाम की लड़की लापता हो जाती है। पुलिस शुरू में इसे सामान्य मामला समझती है, लेकिन जल्द ही कई और लड़कियों के गायब होने से यह घटना एक बड़े रैकेट की ओर इशारा करती है। जांच की कमान संभालते हैं इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी), जो गुस्सैल लेकिन ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं। पड़ताल में सामने आता है कि इन घटनाओं के पीछे एक बेहद शातिर और खतरनाक सीरियल किलर 'प्रोफेसर' (जितेंद्र कुमार) का हाथ है, जो लड़कियों को जाल में फंसाकर वेश्यावृत्ति रैकेट चलाता है और कई निदोर्षों को अपना शिकार बनाता है। यह फिल्म न्याय, धोखे, मानवीय संघर्ष और पुलिस की कठिन लड़ाई को बखूबी दिखाती है। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की एक्टिंग के साथ-साथ कहानी की सच्चाई ने इसे और प्रभावी बनाया है। अपनी भूमिका को लेकर देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि बड़े कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म समाज को एक गंभीर संदेश देगी और उनका किरदार दर्शकों के दिलों में जगह बनाएगा।

### विद्या ज्ञान की प्रारंभिक परीक्षा में नैन्शी प्रथम




**करछना।** पीएस हथिगनी, कौंधियारा की कक्षा 5 की छात्रा नैन्शी पटेल ने विद्या ज्ञान की प्रारंभिक परीक्षा में प्रयागराज जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह परीक्षा 30 नवंबर 2025 को संपन्न हुई थी। परिणाम जारी होते ही विद्यालय में उत्साह का माहौल बन गया। नैन्शी, अशोक पटेल और सुशमा पटेल की पुत्री हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल अशोक कुमार तथा शिक्षक महताब आलम सिद्दीकी, पूजा मिश्रा, रूपेश कुशवाहा और शिक्षा मित्र कपिल देव भारतीय ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि नैन्शी प्रारंभ से ही मेधावी और अनुशासित रही है। परिवारजनों ने उसकी सफलता को नियमित अध्ययन और दृढ़ परिश्रम का परिणाम बताया।

# गोवंशों की देखरेख में किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाये : सीडीओ

## जनपद स्तरीय गौशाला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गौशाला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने द्वारा एस0एफ0सी0 पूलिंग की धनराशि 17 विकासखण्डों में स्थापित गौशालाओं को मैपिंग के अनुसार गौशाला को प्रदान कर दी गयी कि नहीं की समीक्षा की गयी तो पाया गया कि अभी तक सम्पूर्ण धनराशि को गौशालाओं को नहीं प्रदान किया गया है के सम्बन्ध में शेष धनराशि गौशाला को शीघ्र उपलब्ध करानें का निर्देश दिया गया। प्रत्येक गौशाला के केयर टेकर की पुलिस वेरीफीकेशन के साथ पूर्ण सूचना रखनें तथा अच्छे केयर टेकरों को गौशाला के कार्य हेतु रखनें तथा केयर टेकरों का मानदेय समय-समय पर दिये जाने तथा रात्रिकालीन केयर टेकर को दिन में कार्य करनें वाले केयर टेकरों से अधिक धनराशि मानदेय स्वरुप दिये जाने की जरुरत महसूस की गयी जिसका निर्धारण शीघ्र ही कर दिया जायेगा। गौशाला



कन्ट्रोल रुम के सी0सी0टी0वी0 के कैमरे में दिखायी पड़ी कमियों के सन्दर्भ में उपायुक्त श्रम रोजगारध्नोडल अधिकारी गौशाला सन्तोष कुमार सिंह द्वारा अनुपालन की समीक्षा प्रस्तुत की गयी, गौशाला के गोवंश के हरे चारे की व्यवस्था हेतु प्रत्येक गौशाला के नजदीक सार्वजनिक भूमि का उपयोग कर तथा भूमि को परीक्षण कर उत्पादनयुक्त बनाये जाने तथा सार्वजनिक भूमि जहां पर उपलब्धता नहीं है उसका चिन्हांकन कर किसी प्रकार के अतिक्रमण की स्थिति में उसे अतिक्रमण मुक्त कराकर भूमि शोधन कराकर प्रत्येक गौशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। एक गौशाला से दूसरे गौशाला में गोवंश के ट्रासंर्पोटेशन में जारी किये गये निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन करनें का निर्देश दिया गया। ठण्ड में गोवंश को ठण्ड से बचाव हेतु प्रत्येक गौशाला में वन निगम के पास जो सूखी लकड़ी अनुपयोगी हो गयी हो गौशालाओं की लिस्ट सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध कराकर गौशालाओं पर सूखी लकड़ियों को उपलब्ध करानें की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक गौशाला के गोवंश की संख्या को दुरुस्त रखा जाय किसी प्रकार की भिन्नता अभिलेखों के अनुसार मौके पर नहीं पाये जाने पर कठोर कार्यवाही से अवगत कराया गया। गोवंश संख्या के अनुसार केयर टेकरों की नियुक्ति की जाय। समस्त गौशालाओं पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगे हुये है जिससे गौशालाओं पर नजर रखी जा रही है सम्बन्धित गौशाला के पशुचिकित्साधिकारी बीमार गोवशों की चिकित्सा तथा बीमार गोवश सिकवार्ड में हों जहां सिकवार्ड न बने हो उसकी सूचना से अवगत करायें तथा नियमित उपचार करें गोवंशों की मृत्यु की दशा में ससमय सूचना से अवगत करायें। अन्त प्रत्येक गौशाला में रात्रिकालीन प्रकाश की व्यवस्था, भूसे, चारे की उपलब्धता, भूमि की उपलब्धता तथा सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को अविलम्ब अतिक्रमणमुक्त कराते हुये गौशालाओं को हरे चारे की बुवाई हेतु प्रयुक्त किया जाय भूमि अनुपयोगी होने की दशा में भूमि का कृषि विभाग से परीक्षण कराकर उसे उपयोगी बनाने की कार्यवाही तथा समय से केयर टेकरों के मानदेय के भुगतान और एस0एफ0सी0 पूलिंग की धनराशि को शीघ्र गौशालाओं को उपलब्ध करानें की कार्यवाही का निर्देश दिया गया। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि गोशालाओं में गोवंशों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी (सा0वा0वन एवं वन्य जीव प्रभाग), अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाध् नगर पंचायत, समस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/ पशुचिकित्साधिकारी उपस्थित थे।



# अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने की समीक्षा बैठक

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण और गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने गुरूवार को थाना कंधई में तैनात सभी विवेचकों की अर्दली रूम बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने थानों में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और प्रत्येक मामले में जिम्मेदारी तय करते हुए समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया।

एएसपी ने स्पष्ट कहा कि विवेचना की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। अपराधों की रोकथाम तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सटीक और निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। उन्होंने महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी विवेचकों को नियमित फीडबैक, केस डायरी के समय पर अद्यतन और प्रभावी पुलिसिंग के लिए सतर्कता बढ़ाने की भी हिदायत दी। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# किसानों ने चकबंदी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** चकबंदी से सम्बंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने चकबंदी सदस्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चकबंदी के दौरान भूमि कटौती में न्यूनतम कटौती की मांग की।

विकासखंड बिहार क्षेत्र के ग्रामसभा भाव में चकबंदी समिति की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में चकबंदी समिति के सिर्फ एक पदाधिकारी पहुंचे। किसानों का कहना है कि छोटे-छोटे बिखरे हुए खेतों को मिलाकर एक जगह पर बड़ा और व्यवस्थित खेत बन जाए जिससे किसानों को खेती करना आसान हो जाए। इसके साथ ही आपसी विवाद खत्म होने के साथ-साथ आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल करके किसान अपना उत्पादन भी बढ़ा सके। लेकिन चकबंदी के दौरान राजनैतिक लोग अपनी रोटी सेकने में लग जाते है। जिससे किसानों को मुसीबत झेलनी पड़ती है। इन्हीं समस्याओं को लेकर गुरूवार को चकबंदी समिति के पदाधिकारियों के साथ किसानों की बैठक तय थी। जिसमें चकबंदी के सिर्फ एक सदस्य पहुंचे। जिन्हें किसानों ने अपनी समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा।



## स्कूली बच्चों को आग से बचाव के सुझाए गये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** विकासखण्ड सांगीपुर अर्न्तगत पीकेबीडी इण्टर कालेज वासुदेव नगर में गुरूवार को फायर बिग्रेड की टीम ने स्कूल के बच्चों को आग से सुरक्षा के उपाय को लेकर प्रशिक्षित किया। फायर बिग्रेड सांगीपुर प्रभारी मान सिंह यादव ने फायरकर्मियों के साथ बच्चों के साथ आग से बचाव को लेकर मॉकड्रिल किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सरिता भालोठिया ने किया। इस मौके पर विजय यादव, पुष्पेन्द्र यादव, शिवम प्रकाश, शैलेन्द्र तिवारी, विजय मिश्र, अभिनव आदि मौजूद रहे।

## मारपीट में पांच पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खेत में बांस बल्ली से बैरीकेटिंग के विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के दांदूपुर पड़ान गांव निवासिनी रानी देवी पत्नी ननके यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे वह अपने गेहूं के खेत में मवेशियों से सुरक्षा के लिए बांस बल्ली से बैरीकेटिंग करवा रही थी। आरोप है कि इसी बीच गांव के दान बहादुर, गिरीशचंद्र, कृष्णचंद्र, पवन व प्रिंसू एकराय होकर वहां पहुंचे और बैरीकेटिंग करने से मना करने लगे। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता व उसकी पुत्री नीलम तथा सोनी को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मानवाधिकार दिवस पर तरुण चेतना ने निकाला कैंडल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ चलाये गये 16 दिवसीय अभियान के अंतिम दिन तरुण चेतना द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। जिसे प्रभारी निरीक्षक पट्टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि समाज में महिला सुरक्षा, सम्मान और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रही हिंसा के खिलाफ सामूहिक आवाज उठाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक सोलह दिवसीय अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत परिचर्चा, गोष्ठी, युवा संवाद और प्रेस वार्ता आयोजित कर महिला हिंसा के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया गया।कैंडल मार्च की




शुरुआत कोतवाली गेट से हुई। जिसमें संगठन की महिलाएं, बालिकाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर महिला सम्मान व मानवाधिकार संरक्षण के संदेशों के साथ नारा लगाते हुए रैली निकाली।कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने मानवाधिकार संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए महिला हिंसा की समाप्ति के लिए समाज के जागरूक लोगों को आगे आने का आह्वान किया।इस अवसर पर अभियान प्रभारी हकीम अंसारी ने बताया कि इस 16 दिवसीय अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, हिंसा की रोकथाम, कानूनी अधिकारों की जानकारी तथा सहायता सेवाओं के बारे में भी जागरूकता फैलायी गयी।कैंडल मार्च का समापन ब्लाक परिसर में हुआ, जहाँ सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सहित मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक ज्योति सविता, उप निरीक्षक सचिन यादव, डॉक्टर अच्छेलाल बिंद, शकुंतला देवी, गार्गी पटेल, नाजरीन बानों, नीरज गुप्ता, प्रियंका, विमला, मोमिना, गीता देवी, अफसाना, कहकशा, शमा आरा, मंजू गुप्ता सहित कोतवाली पट्टी की मिशन शक्ति टीम व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# मानव जीवन का मोल पहचानें-आशुतोष जी महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के प्राचीन शिव मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित आशुतोष महाराज ने कहा कि भागवत की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। समाज के द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और न ही बदले जा सकते हैं।कथा व्यास आशुतोष ने कहा कि किसी व्यक्ति को यह पता चले कि उसकी मृत्यु सातवें दिन हो जाएगी तो वो क्या करेगा, क्या सोचेगा? राजा परीक्षित ने यह जान कर उसी क्षण अपना महल छोड़ दिया। मृत्यु तो निश्चित है पर कब होगी, ये किसी को भी नहीं पता। तो ऐसे में आप जीवित रहते हुए अपने समय को क्यों बर्बाद करते हैं?कथा व्यास ने कहा कि मानव जीवन का मोल पहचानें और इसको प्रभु के चरणों में सौंप दें। इसी से निश्चित ही कल्याण होगा। भगवान अपने बारे में मानव से हुई भूल को तो भुला सकते हैं लेकिन संतों को लेकर की गई भूल के दुष्परिणाम से वह भी नहीं बचाते। कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दुबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है।प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत में कहा गया है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो। जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। इस दौरान सचिन सिंह शोलू, सदानंद पाण्डेय, प्रेम नाथ विश्वकर्मा, सुनील सोनी, टाइगर तिवारी, दीपक पाण्डेय, सूरज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



## कस्बे में भारी वाहनों की आवाजाही से लगता है घंटों जाम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही ने आम जनता का जीवन मुश्किल कर दिया है। सुबह से रात तक ट्रकों और बड़े वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण कस्बे में जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। जाम में फंसकर स्कूली बच्चों, मरीजों, दुकानदारों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस-प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त होने से सड़क पर लंबी लाइनें लग जाती हैं, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए या वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए, ताकि इलाके में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे।

# निमंत्रण कार्ड देने के बहाने पहुंचे बदमाशों ने युवक पर की ताबड़तोड़ फायरिंग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** निमंत्रण कार्ड देने के बहाने घर पहुंचे नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर फायरिंग शुरू कर दी। ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में युवक को तीन गोलियां लगी है जिसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

आसपुर देवसराथानाक्षेत्र के पुरे धनी गांव निवासी विजय उपाध्याय उर्फ सोनू उपाध्याय के घर तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे।

वह निमंत्रण कार्ड देने के बहाने घर में घुसे। जैसे विजय निमंत्रण कार्ड लेने के लिए उनके पास पहुंचे उनपर ताबड़तोड फायरिंग शुरू कर दी। घटना में विजय को तीन गोलियां लगी। घायल अवस्था में उसे अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे मेडिकल



कॉलेज रेफर कर दिया।फायरिंग की सूचना पर क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी और थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच कर सुराग जुटाने में लगे हुए हैं। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## गायब हुआ किशोर अनहोनी की आंशका

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** मंगलवार सुबह 11 बजे घर से से निकला किशोर दो दिन तक घर न लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया।किशोर के मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शिवसत निवासी रियाज की पत्नी शहबुन निशा ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को उसका 14 वर्षीय बेटा मोहम्मद अनस बिना किसी को बताएं घर से कही चला गया। आसपास के रिश्तेदार व संबंधियों के यहां काफी खोजबीन किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।बुधवार को किशोर की मां की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने गुमशुदगी की रात दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 दिसम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ हेतु आवंटित लक्ष्य 722 जोड़ों के सापेक्ष 664 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूर्व में कराया जा चुका है। अवशेष 58 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को राम प्रिया गार्डेन कटरा मेदनीगंज प्रतापगढ़ में होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम में 58 जोड़े सामाजिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के साथ वैवाहिक बन्धन में बधेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जोड़ों को उपहार सामग्री का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु यथा-सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात एवं भोजन से सम्बन्धित व्यवस्थाओं हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गयी है।

## अठारह पुराणों का सार है प्रज्ञापुराण कथा-पं0 कैलाशनाथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर बाजार स्थित बाबा सन्त दास की कुटी में चल रही प्रज्ञापुराण कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के नेतृत्व में आयोजित इस सामूहिक कार्यक्रम में कथाव्यास पं0 कैलाशनाथ तिवारी ने बताया कि प्रज्ञापुराण कथा अठारह पुराणों का सार है। इस कथा के श्रवण करने से मनुष्य का आध्यात्मिक उत्थान होता है। उन्होने कहा कि सच्चा सुख देने में है न कि लेने में है। इस मौके पर प्रेम कुमार वैश्य, सुरेश बरनवाल, रमाशंकर वैश्य, राजेश कौशल, बबन पाण्डेय, श्रीचंद्र केसरवानी, अनिल अग्रहरि आदि ने कथा श्रवण किया।

# जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर किशोर की पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बसौली गांव में आबादी की जमीन पर कब्जे के विवाद में गुरुवार दोपहर गंभीर रूप ले लिया, जब विरोध करने पहुंचे एक किशोर को विपक्षियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। यही नहीं हमलावरों ने किशोर को चेहरे पर दांत से काट भी लिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की लिखित शिकायत पट्टी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। बसौली गांव निवासी शिवराज यादव (15) पुत्र शिवपूजन यादव अपनी बड़ी मां केशन देवी के साथ कोतवाली पहुंचा। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में शिवराज ने बताया कि उसके हिस्से की आबादी की जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया।किशोर ने बताया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की और झगड़े के दौरान चेहरे पर दांत से काट लिया। घायल किशोर अपनी बड़ी मां के साथ किसी तरह कोतवाली पहुंचा और पूरे प्रकरण की शिकायत की।अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## कृषकों को सिंचाई हेतु पानी रोस्टर व मांग के अनुरूप उपलब्ध कराया जायेगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में सिंचाई विभाग के अन्तर्गत कुल 1787.00 किमी0 की नहरें पड़ती है। रबी 1433 फसली हेतु नहरों की सिल्फ सफाई की कार्ययोजना 1511.506 किमी0 को जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त सफाई का कार्य कराया जा चुका है। कृषकों को सिंचाई हेतु पानी दिनांक 13 दिसम्बर 2025 से रोस्टर के अनुसार एवं मांग के अनुरूप पानी की प्राप्ति के आधार पर उपलब्ध कराया जायेगा। एक माह के अन्दर जनपद की समस्त नहरों की टेल तक पानी पहुॅचाते हुये शत प्रतिशत टेलफीडिंग सुनिश्चित करायी जायेगी।

## दबंगों ने दुकानदार से की मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** तसहील क्षेत्र के ऐतिहासिक मेले में बेखौफ दबंगों ने खुलेआम उत्पात मचाते हुए एक दुकानदार की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपियों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की और पांच सौ रूपए छीन लिया। जिससे पूरे मेले में अफरा-तफरी मच गई। पुरानी पट्टी मोहल्ला निवासी लवकुश सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर दो नामजद व सात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, दुकान में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए छीन लेने का आरोप लगाया है।लवकुश सोनी के अनुसार वह दशहरे मेले में अपनी रेहड़ी लगाकर मुंगफली बेच रहा था। इसी दौरान पहुंचे दबंगों ने बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी रेहड़ी को भी तोड़ डाला और नकदी उठाकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

## सम्पादकीय

### संसद में खतरनाक खेल की शुरूआत

**देश** में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खेल को भाजपा अब एक खतरनाक स्तर पर ले आई है। इसे रोकना या इसका हल निकालना आसान नहीं है, क्योंकि अब ध्रुवीकरण हिंदू या मुसलमान बोलकर नहीं हो रहा है, राष्ट्रवाद के नाम पर हो रहा है। इस खेल में इतिहास को बदला जा रहा है, तथ्यों पर झूठ चढ़ाया जा रहा है। खास बात यह है कि यह सब संस्थागत तरीके से हो रहा है। सोमवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वंदे मातरम्‌ के 150 साल पूरे होने पर चर्चा करना इसी का प्रमाण है। इस बार का शीतकालीन सत्र बेहद छोटा है, जिसमें कामकाज के कुछ घंटे पहले ही हंगामे में निकल चुके हैं। बचे वक्त का अच्छा इस्तेमाल देश के सामने आई बड़ी विपदाओं पर चर्चा कर उनका हल निकालने या विकास के लिए जरूरी मुद्दों पर विमर्श करने में लगाया जा सकता था। एसआईआर के कारण बीएलओज की मौत, इंडिगो संकट के कारण लाखों यात्रियों पर आई मुसीबत, दिल्ली में आतंकी हमला, प्रदूषण, रुपए की गिरती कीमत, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के पेंच, महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसान-मजदूर हित, युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति ऐसे ढेरों मुद्दे हैं जिन पर संसद का कीमती वक्त लगना चाहिए था। लेकिन सोमवार से लेकर मंगलवार तक लोकसभा और फिर राज्यसभा में वंदेमातरम्‌ पर चर्चा तय की गई। देश में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि डेढ़ सौ साल पहले लिखे गीत को लेकर अकारण बहसबाजी की जाए। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह दुस्साहस कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हर हाल में देश को उन ताकतों से मुक्त करना है, जिनके कारण संविधान बना हुआ है। यह संविधान ही है जो देश में तानाशाही कायम नहीं होने देता। लोगों को हिम्मत देता है कि अगर उन्हें सरकार का कोई फैसला पसंद न आए या अपने हित खतरे में पड़ते दिखें तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं। इसी संविधान की दी हुई ताकत से किसानों ने एक साल लंबा आंदोलन चलाया, जिसके बाद नरेन्द्र मोदी को कृषि कानून वापस लेने पड़े। अभी संचार साथी ऐप प्रीइंस्टाल करने का फैसला हटाना पड़ा। वक्फ संशोधन अधिनियम को संसदीय समिति के पास भेजना पड़ा। ऐसे कई उदाहरण है, जिनमें बहुमत के बावजूद मोदी सरकार को अपने फैसले से पीछे हटना पड़ा। यही बात शायद सरकार को खटक रही है, क्योंकि इस बार तो संसद में विपक्ष पहले से अधिक ताकतवर है। ऊपर से बिहार चुनाव हारने के बावजूद राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा छोड़ नहीं रहे हैं। इसलिए अब नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम्‌ का विवाद खड़ा कर कांग्रेस को निशाने पर लेने की एक और कोशिश की है। संसद में श्री मोदी के भाषण से यह समझ आ गया कि चर्चा शब्द का मुखौटा लगाकर भाजपा देश को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को बढ़ावा दे रही है, ठीक ऐसा ही काम भाजपा के पुरखों यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिंदू महासभा ने किया था। आजादी की लड़ाई के लंबे कालखंड में संघ का योगदान रत्ती भर भी देखने नहीं मिलता है। बल्कि इस बात के सबूत हैं कि वी डी सावरकर ने सजा से बचने के लिए अंग्रेजों से माफी मांगी और उनकी सेवा करने का वचन दिया।

# मोदी-पुतिन शिखर वार्ता ने दी भारत की भूराजनीतिक पहचान को नई ऊंचाई

नित्य चक्रवर्ती

**रूस** और भारत के संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा की फिर से पुष्टि की, जिसमें रूस को भारत का निर्यात बढ़ाना, औद्योगिक सहयोग को मज़बूत करना, नई प्रौद्योगिकीय और निवेश साझेदारी बनाना, खासकर विकसित उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में, और परस्पर सहयोग के नए रास्ते और तरीके खोजना शामिल है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दो दिन की बातचीत के बाद 5 दिसंबर को जारी भारत-रूस संयुक्त बयान ने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के दस्तावेज से कहीं अधिक संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी ताकतों के दबाव को नजरअंदाज करते हुए भारत के भूराजनीतिक हैसियत और पहचान को फिर से इस्तेमाल करने की पुष्टि है।

इस दौरे का समय और इसके बाद 4 दिसंबर की शाम को दिल्ली एयरपोर्ट के टरमैक पर भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा सामान्य निर्धारित राजकीय व्यवहार (प्रोटोकॉल) को नजरअंदाज करते हुए राष्ट्रपति पुतिन का औपचारिक स्वागत, उन सभी बातों को दिखाता है जो नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी ताकतों, खासकर अमेरिका की लगातार चेतावनी को कोई अहमियत न देते हुए राजनयिकता में एक अलग रास्ता चुनने के लिए सावधानी से लेकिन पक्के इरादे से काम किया है।

4 दिसंबर से शुरू होने वाले पुतिन के भारत दौरे से ठीक पहले, 1 दिसंबर को एक अजीब बात हुई जब नई दिल्ली में मौजूद जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के तीन राजदूतों ने मिलकर द टाइम्स ऑफ इंडिया में रूसी राष्ट्रपति की कड़ी आलोचना करते हुए एक लेख लिखा, 'जैसे-जैसे राष्ट्रपति पुतिन गंभीर शांति बातचीत में देरी कर रहे हैं, हम यूक्रेन को अपनी मिलिट्री और नॉन-मिलिट्री मदद बढ़ाते रहेंगे ताकि वह अपने लोगों, अपनी जमीन और अपनी आजादी की सही तरीके से रक्षा कर सकेइ। यह मिला-जुला लेख इस यूरोपियन तिकड़ी की तरफ से भारतीय प्रधानमंत्री पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में दबाव डालने के लिए एक खुली दखलअंदाजी के अलावा और कुछ नहीं था।

यूरोपियन तिकड़ी और वाशिंगटन डीसी के लिए यह बहुत बड़ी परेशानी की बात थी, जहां ट्रंप के अधिकारी रूसी राष्ट्रपति के साथ भारतीय प्रधानमंत्री के हर व्यवहार पर नजर रख रहे थे। भारतीयों के लिए यह देखना बहुत सुकून देने वाला था कि हमारे प्रधानमंत्री रूसियों के साथ धीरे चलने के पश्चिमी दबाव की परवाह किए बिना सावधानी से लेकिन इज्जत से पेश आ रहे हैं। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार समझौता अपने आखिरी चरण में है। यूरोपियन यूनियन के साथ व्यापार समझौता भी अगले कुछ महीनों में अंतिम रूप हासिल करने के लिए तैयार है। पश्चिम के लिए कुछ भी काम नहीं आया। भारत के प्रधानमंत्री ने 1.44 अरब लोगों के नेता के तौर पर पूरे आत्मविश्वास के साथ रूसी राष्ट्रपति से बात की, एक ऐसे देश के प्रधानमंत्री के रूप में जो दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है और जिसकी मजबूत अर्थव्यवस्था 2027-28 तक अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है।

इस तरह, 23वें भारत-रूसी वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दौरा एक दैनंदिन द्विपक्षीय दौरे से कहीं ज्यादा है। यह भारत की तरफ से बड़ी



वैश्विक ताकतों के सामने अपनी रणनीतिगत स्वायत्तता दिखाने का एक मजबूत संकेत है। अमेरिका भारत की रणनीतिगत स्वायत्तता की इज्जत नहीं करता। अमेरिकी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो ने भारत के खिलाफ प्रतिबंधों के मामले में बार-बार इस बात का जिक्र किया है। जहां तक रूस की बात है, भारत के लिए स्वायत्तता का यह हिस्सा सोवियत यूनियन के दिनों से चला आ रहा है। हाल ही में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी और पुतिन दोनों ने इस बात पर ज़ोर दिया और यह इस वर्तमान चरण में भारतीय कूटनीति का एक बहुत ही सकारात्मक पहलू था।

अर्थव्यवस्था और व्यापार के मामले में, रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत को बिना रुकावट तेल आपूर्ति का भरोसा एक ऐसी गारंटी है जो अमेरिका समेत दूसरे खनिज तेल निर्यातक देशों के साथ भारत की मोलभाव करने की ताकत को बढ़ा सकती है। अमेरिका अब रूस के निर्यात की कीमत पर भारत पर अमेरिका से ज्यादा तेल उत्पादन आयात करने के लिए दबाव डाल रहा है। अमेरिकी प्रतिबंध के बाद भारतीय एजेंसियों ने पहले ही रूसी स्त्रोत से आपूर्ति कम कर दी है। रिलायंस जैसी प्राइवेट कंपनियां अमेरिका के प्रतिबंध का पूरी तरह पालन कर सकती हैं, लेकिन भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के पास चुनने की आजादी है और रूस के भरोसे के बाद यह और बढ़ेगी। भारत के पास खनिज तेल के आयात का स्त्रोत चुनने का विकल्प है, और इससे खरीद की टोकरी बड़ी होगी।

रूस और भारत के संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा की फिर से पुष्टि की, जिसमें रूस को भारत का निर्यात बढ़ाना, औद्योगिक सहयोग को मज़बूत करना, नई प्रौद्योगिकीय और निवेश साझेदारी बनाना, खासकर विकसित उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में, और परस्पर सहयोग के नए रास्ते और तरीके खोजना शामिल है।

दोनों नेताओं ने विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए एक खुले, सबको साथ लेकर चलने वाले, पारदर्शी और बिना भेदभाव वाले बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के महत्व पर ज़ोर दिया। दोनों पक्षों ने जिन बातों पर ज़ोर दिया उनमें टैरिफ और नॉन-टैरिफ व्यापार की रुकावटों को दूर करना, लॉजिस्टिक्स में रुकावटों को दूर करना, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना, आसान भुगतान प्रणाली पक्का करना, बीमा और पुनबीर्मा के मामलों के लिए आपसी सहमति वाले हल ढूंढना और दोनों देशों के व्यवसाय के बीच नियमित रूप से बातचीत, 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डालर के बदले हुए द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में हासिल करना आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, रूस और भारत द्विपक्षीय व्यापार को बिना किसी रुकावट के बनाए रखने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय करेंसी के इस्तेमाल से द्विपक्षीय भुगतान के मामलों को सुलझाने की प्रणाली को मिलकर विकसित करते रहने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा, दोनों पक्ष अपने सहयोग को जारी रखने पर भी सहमत हुए हैं। राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली, वित्तीय संदेश प्रदातृ प्रणाली आदि के साथ ही दोनों देशों के केन्द्रीय बैंकों द्वारा डिजिटल मुद्रा प्लेटफॉर्म की पारस्परिक संचालनीयता को चालू करने पर बातचीत पर भी सहमति बनी है।

सच तो यह है कि 2030 तक भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार के 100 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंचने के इस लक्ष्य पर लंबे समय से चर्चा हो रही है, लेकिन पहले बताए गए फॉलो-अप उपाय कई वजहों से नहीं किए गए हैं। मोदी राज में भारत का फोकस अमेरिकी बाजार और निवेश पर था, तथा रूसी मार्केट को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। इसे दोनों तरफ से ठीक करना होगा। दिल्ली समिट को भारत-रूस रिश्तों की अहमियत का अंदाजा लगाने के मामले में गेम चेंजर के तौर पर काम करना चाहिए। नहीं तो, सभी घोषणाओं और समझौतों के बावजूद व्यापार और निवेश में वही ठहराव बना रहेगा, जो निकट अतीत में रहा है।

# फिर वे "वंदे मातरम" के लिए आए!

राजेंद्र शर्मा

**यह** एक जानी-मानी सचाई है कि "वंदे मातरम्‌" भारत की आजादी की लड़ाई की सबसे प्रमुख प्रेरणादायी पुकारों में था। वंदे मातरम्‌ गीत से भी बढ़कर, वंदे मातरम्‌ का नारा देशभक्ति की पुकार बनकर, आजादी के दीवानों के सुरों में गूंजा। यह विशेष रूप से पिछली सदी के पहले के दशक में "बंग भंग" विरोधी आंदोलन के दौर से, आजादी की पुकार के प्रतीक के रूप में पहले बंगाल में और फिर देश भर में स्वीकार किया गया। इसी दौर में बंगाल में आधारित कुछ क्रांतिकारी ग्रुपों द्वारा भी "वंदे मातरम्‌" गीत को अपने प्रेरक-गीत के रूप में अपनाया गया।



प्रधानमंत्री

मोदी राज में संसद समेत देश को चलाने वाली सभी महत्वपूर्ण संस्थाओं की प्राथमिकताओं को जान-बूझकर सिर के बल खड़ा कर दिया गया है। इसके लिए अगर अब भी किसी प्रमाण की आवश्यकता थी, तो वह भी संसद के चालू सत्र में आंखों में चुभने वाले तरीके से सामने आ चुका है। पहले ही कतर कर बहुत छोटे कर दिए गए शीतकालीन सत्र में पहली ही विस्तृत बहस "वंदे मातरम्‌" पर हो रही है। यह तब है जबकि देश का मीडिया अधिकांशतः शासन द्वारा गोद लिए जाने के बावजूद, उसकी सुर्खियों में कम से कम तीन मुद्दों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इनमें पहला मुद्दा देश के बड़े हिस्से में जारी मतदाता सूचियों के गहन विशेष पुनरीक्षण से मचे हाहाकार का ही है। इसमें एक ओर करोड़ों लोगों को एक बार फिर नोटबंदी की तरह अनावश्यक परेशानियों में धकेले जाने का तथ्य है, तो दूसरी ओर अविवेकपूर्ण डैडलाइनों के चलते इस काम के बोझ के तले तीन दर्जन से ज्यादा ब्लाक लेवल आफीसरों की आत्महत्या से लेकर अकाल मौतों तक की सचाई है। दूसरा, करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाला ऐसा ही महत्वपूर्ण मुद्दा, राजधानी समेत देश के बड़े हिस्से में और विशेष रूप से उत्तरी भारत में प्रदूषण के घातक रूप लेने से पैदा हुई स्वास्थ्य इमर्जेंसी का है। और तीसरा, इंडिगो द्वारा खड़े किए गए संकट के फूट पड़ने से पैदा हुए, देश भर में विमान यात्रियों के अभूतपूर्व संकट का है। पर इन तीनों संकटों पर चर्चा की मांगों को पीछे कर के, सबसे पहले और सबसे आगे, "वंदे मातरम्‌" पर समारोही बहस करायी जा रही है!

"वंदे मातरम्‌" के कथित रूप से डेढ़ सौ वर्ष होने के मौके पर, साल भर चलने वाले देशव्यापी आयोजनों के हिस्से के तौर पर हो रही इस समारोही चर्चा में, मोदी सरकार की दिलचस्पी कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लंबे भाषणा के साथ, लोकसभा में इस बहस की शुरूआत की है। हैरानी की बात नहीं होगी कि यही इस पूरे सत्र में प्रतिनिधि सदन में प्रधानमंत्री मोदी की आखिरी टिप्पणी बल्कि उनकी आखिरी उपस्थिति भी हो। लेकिन, इससे किसी को इसका भ्रम नहीं होना चाहिए कि यह, 1950 में संविधान के स्वीकार किए जाने के साथ ही, राष्ट्रर गान के रूप में "जन गण मन" के अपनाए जाने के साथ ही, एक राष्ट्रर गीत के रूप में स्वीकार किए गए "वंदे मातरम्‌" के महत्व को पहचाने जाने और रेखांकित करने की चिंता को दिखाता है। अगर किसी को ऐसा भ्रम रहा भी होगा, तो प्रधानमंत्री के भाषण से तो अवश्य ही दूर हो गया होगा। पहले कुछ मिनटों को छोड़कर, प्रधानमंत्री का पूरा भाषण खासतौर पर कांग्रेस पर और आम तौर पर विपक्ष पर हमला करने पर ही केंद्रित था। इसमें इमर्जेंसी से लेकर, कश्मीर तक सब कुछ था। जाहिर है कि "वंदे मातरम्‌" का डेढ़ सौ वर्ष पर स्मरण, विपक्ष पर प्रधानमंत्री के ट्रेड मार्क हमले का एक बहाना भर था। और वंदे मातरम्‌ को हथियाने की कोशिश भी। अचरज की बात नहीं है कि वंदे मातरम्‌ और उसके लेखक, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को हथियाने की हड़बड़ी में, नरेंद्र मोदी इस प्रसिद्ध बंगला लेखक का एक प्रकार से अपमान ही कर बैठे। जाहिर है कि अपने से करीब सौ साल पहले हुए, बंकिम चंद्र चैटर्जी को प्रधानमंत्री का झूठी निकटता का प्रदर्शन करने की कोशिश में "बंकिम दा" संबोधित करना, बंगालियों को काफी खटका होगा। बंगाली परंपरा में सम्मान जताने के लिए "दा" का प्रयोग किया तो जाता है, लेकिन बोलने वाले की अपनी पीढ़ी के लोगों के लिए ही। अपने से पहले की पीढ़ियों के लोगों के लिए इसी का प्रयोग, सम्मान के बजाए अनादर का सूचक ही बन जाता है। लोकसभा में ही इस पर विरोध जताये जाने पर, प्रधानमंत्री को आइंदा इसे नहीं दुहराने का आश्वासन भी देना पड़ा।

हैरानी की बात नहीं है कि इस बहस में विपक्ष की कतारों से यह सवाल भी बार-बार उठता रहा कि सत्ताधारी संघ-भाजपा परिवार की, "वंदे मातरम्‌" को हथियाने की बल्कि विपक्ष के खिलाफ अपना हथियार बनाने की यह कोशिश क्यों? इस क्यों का जवाब, अन्य चीजों के अलावा अगले साल के शुरू में होने जा रहे बंगाल के विधानसभाई चुनाव में हैं? इस चुनाव में जीत के लिए संघ-भाजपा ने, अपनी केंद्र सरकार समेत और यहां तक चुनाव आयोग समेत, अपने सारे औजारों को पहले ही लगा दिया है। मोदी सरकार में नंबर दो, अमित शाह तो चुनावों के अगले चक्र में विशेष रूप से बंगाल और तमिलनाडु में, भाजपा की जोरदार जीत का एलान भी कर चुके हैं। "वंदे मातरम्‌" और बंकिम चंद्र पर उमड़ा अतिरिक्त प्रेम, इस चुनाव के लिए ही एक पैंतरा है। बंगाल के पिछले चुनाव के समय नेताजी, सुभाष चंद्र बोस को इसी तरह से हथियाने और हथियार बनाने की कोशिश की गयी थी। काठ की हांड़ी बार-बार तो चूल्हे पर चढ़ा नहीं सकते। इस चुनावी सीजन में बंकिम की बारी है।

यह एक जानी-मानी सचाई है कि "वंदे मातरम्‌" भारत की आजादी की लड़ाई की सबसे प्रमुख प्रेरणादायी पुकारों में था। वंदे मातरम्‌ गीत से भी बढ़कर, वंदे मातरम्‌ का नारा देशभक्ति की पुकार बनकर, आजादी के दीवानों के सुरों में गूंजा। यह विशेष रूप से पिछली सदी के पहले के दशक में "बंग भंग" विरोधी आंदोलन के दौर से, आजादी की पुकार के प्रतीक के रूप में पहले बंगाल में और फिर देश भर में स्वीकार किया गया। इसी दौर में बंगाल में आधारित कुछ क्रांतिकारी ग्रुपों द्वारा भी "वंदे मातरम्‌" गीत को अपने प्रेरक-गीत के रूप में अपनाया गया। इससे पहले, बंकिम चंद्र की बंगाल के सन्यासी विद्रोह पर आधारित उपन्यास कृति में, "आनंद मठ" में इसे प्रार्थना गीत के रूप में प्रकाशित किया जा चुका था।

वैसे मूल कविता "वंदे मातरम्‌", बंकिम चंद्र के उपन्यास से और पहले लिखी गयी थी। और साहित्यालोचकों के अनुसार, यह कविता दो अलग-अलग हिस्सों में लिखी गयी थी या कहना चाहिए कि मूल कविता अपेक्षाकृत छोटे शुरूआती दो छंदों के रूप में थी, जिसे बाद का अंश जोड़कर, उपन्यास की प्रार्थना के रूप में बढ़ा दिया गया था। बाद का अंश अपने स्वर, शैली, लय, सब में पहले अंश से काफी भिन्न है। रवींद्रनाथ टैगोर इस कविता से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने ही पहली बार इसे स्वरबद्ध कर, बंकिम के सामने प्रस्तुत भी किया था। यह इस गीत के इतिहास का एक पक्ष है।

इसी इतिहास का दूसरा पक्ष यह है कि बीस और तीस के दशकों तक आते-आते, इस गीत के एक राष्ट्रर गीत के रूप उपयोग के साथ ही, उसकी सीमाएं भी सामने आने लगीं। वंदे मातरम्‌ के नारे से भिन्न यह गीत, जो मूलतः बंग-माता की प्रार्थना के रूप में था और जिसका बाद का हिस्सा विशेष रूप से बंगला-संस्कृत मिश्रित भाषा में था और इसलिए पूरे देश द्वारा इसे अपनाया जाना आसान नहीं था। एक और बड़ी समस्या, इस कविता में विशेष रूप से बाद के हिस्से में, देवी दुर्गा के रूप की कल्पना थी, जो एक बहुधार्मिक राष्ट्रीय आंदोलन के प्रतीक के रूप में, इसकी स्वीकार्यता को मुश्किल बनाती थी। यह समस्या इस तथ्य से और भी बढ़ जाती थी कि यह गीत जिस आनंदमठ उपन्यास से लिया गया था, उसमें ब्रिटिश शासन के मजिस्ट्रेट होने के नाते बंकिम चंद्र ने, अंगरेजों को नाखुश करने से बचने के लिए, बाद में सन्यासी विद्रोह की कहानी को अंगरेजों के बजाए, मुसलमान शासकों के खिलाफ लड़ाई के रूप में मोड़ दिया था। इससे "वंदे मातरम" गीत की देवी की छवि की गैर-हिंदुओं के लिए स्वीकार्यता और मुश्किल हो जाती थी।

इसी पृष्ठभूमि में और एक ओर मुस्लिम लीग तथा दूसरी ओर हिंदू महासभा के "वंदे मातरम्‌" के विरोध के बीच, जब राष्ट्रीय आंदोलन की मुख्य धारा के रूप में कांग्रेस ने 1937 में अपने राष्ट्रीय कार्यक्रमों में "वंदे मातरम्‌" गाए जाने का नियम बनाया, इसके साथ ही यह भी तय किया कि इस गीत के पहले दो बंद ही गाए जाएंगे। यह निर्णय सबसे बढ़कर रवींद्र नाथ टैगोर की सम्मति से और गांधी समेत तमाम राष्ट्रीय आंदोलन के शीर्ष नेताओं की सहमति से लिया गया। रवींद्र बाबू ने बाद में इस संबंध में लिखा भी था कि क्यों उनकी राय में ऐसा करने की जरूरत थी। यही निर्णय देश के आजाद होने के बाद, "वंदे मातरम्‌" के राष्ट्रर गान के समांतर, राष्ट्रर गीत के रूप में स्वीकार किए जाने तक पहुंचा है। लेकिन, "वंदे मातरम्‌" के सर्व-स्वीकार्य रूप में अपनाए जाने के हिंदू महासभा व शेष संघ परिवार और मुस्लिम लीग, दोनों के विरोध की परंपरा ऐसा लगता है कि अब भी बनी हुई है। मोदी की भाजपा "वंदे मातरम्‌" का सम्मान करने के नाम पर, उसी विरोध को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

और यह किया जा रहा है, "वंदे मातरम्‌" के डेढ़ सौ साल पूरे होने के सेलिब्रेशन के नाम पर।

# व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता, 2020 को वापस लेना होगा

डॉ. अरुण मित्रा

**काम** के ज्यादा घंटे और फ्लेक्सिबल वर्क शिफ्ट का मजबूत प्रावधान है। यह कोड काम के घंटों में काफी लोच देता है। हालांकि यह नाम के लिए 48 घंटे का वर्कवीक बनाए रखता है, लेकिन राज्य के ड्राफ्ट और नियम रोजाना 12 घंटे की शिफ्ट की इजाजत देते हैं। यह दशकों में मुश्किल से हासिल किए गए मजदूरों के अधिकारों को वापस लेना है।

पेशाजन्य स्वास्थ्य और सुरक्षा लंबे समय से स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ श्रम संगठनों के लिए भी गंभीर चिंता का विषय रहा है। 2007 में जेनेवा में हुई 60वीं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली ने 'वर्कर्स हेल्थ' ग्लोबल प्लान ऑफ एक्शन' का खाका तैयार किया था। यह मानता है कि 'वर्कर्स दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और आर्थिक और सामाजिक विकास में मुख्य योगदान देने वाले हैं। लेकिन उनमें से बहुत कम लोगों के पास पेशेवर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच है।'

अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर में हर साल 20.2 लाख मौतें, यानी कुल मौतों का 3.6प्रतिशत, काम से जुड़ी दुर्घटनाएं या बीमारियों की वजह से होती हैं और दुनिया की सालाना जीडीपी का 4प्रतिशत इसकी वजह से नष्ट हो जाता है।

इंडियन पॉपुलेशन क्लॉक के मुताबिक, हमारे देश में हर साल 97 लाख मौतें होती हैं। इनमें से लगभग 48000 वर्कर यानी हर साल कुल मौतों का 4.8प्रतिशत काम से जुड़ी दुर्घटनाओं की वजह से होती हैं। कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 24.20 प्रतिशत मौतें होती हैं। इनमें से कई दुखद घटनाओं को सही रोकथाम, रिपोर्टिंग और इंस्पेक्शन के तरीकों को लागू करके रोका जा सकता है। भारत में लगभग 54 करोड़ श्रमिक काम पर हैं। उनमें से लगभग 3 प्रतिशत सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में हैं। सिर्फ वे ही सामाजिक सुरक्षा के तहत आते हैं। शेष कामगारों में से बहुत कम औपचारिक क्षेत्र में हैं, जबकि ज्यादातर, 93 प्रतिशत, अनौपचारिक क्षेत्र में हैं। सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के अलावा, कुल कार्यबल का सिर्फ 11 प्रतिशत ही



सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत आते हैं। इसलिए, काम से जुड़ी सुरक्षा बहुत जरूरी मुद्दा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सुझाव दिया था कि अलग-अलग क्षेत्रों में कामों के तालमेल के लिए सिस्टम बनाया जाना चाहिए। यह जरूरी है क्योंकि अलग-अलग क्षेत्रों में सेहत पर इसका असर अलग-अलग होता है। खनन में लगे लोगों को अपने आस-पास मौजूद किसी खास चीज के संपर्क में आने से होने वाली बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। नाभिकीय उद्योग में काम करने वालों को रेडिएशन के खतरे का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में काम करने वाले लोग फैलने वाली बीमारियों के संपर्क में आते हैं। कंस्ट्रक्शन में काम करने वाले लोगों को गंभीर चोटें लगने की संभावना ज्यादा होती है। सीवर में काम करने वाले लोग बेकार चीजों और जहरीली गैसों के संपर्क में आते हैं। बचाव, इलाज और मुआवजे के तरीके भी उसी हिसाब से अलग-अलग होते हैं। आर्थिक गतिविधियों के ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्र और कम सेवा पाने वाले और कमजोर कामकाजी लोगों, जैसे कि कम उम्र के और ज्यादा उम्र के काम करने वाले, दिव्यांग और बाहर से आए काम करने वाले लोगों पर खास ध्यान देना होगा, जिसमें जेंडर के पहलुओं का भी ध्यान रखा जाएगा।

21 नवंबर, 2025 को लागू किए गए व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता, 2020(ओएसएच और डब्ल्यूसी कोड) ने कामगारों की सुरक्षा के कई प्रावधानों को पूरी तरह से नकार दिया है। यह असरदार तरीके से लागू करने और भारतीय कार्यबल के बड़े हिस्से को कवर करने के मुख्य मुद्दों को हल करने में नाकाम रहा है। यह कोड 13 केन्द्रीय श्रम कानूनों को एक साथ लाता है जो पहले फैक्टरियों, खदानों, डॉक, कंस्ट्रक्शन, ट्रांसपोर्ट, प्लांटेशन, कॉन्ट्रैक्ट लेबर और माइग्रेंट लेबर जैसे क्षेत्र के कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, और सेवा शर्तों को नियंत्रित करते थे। नये कोड में इस तरह की खासियतों को नज?अंदाज किया गया है।

यह श्रम संहिता उन नॉन-रजिस्टर्ड जगहों पर काम करने वाले कामगारों की चिंताओं को नज?अंदाज करता है, जो कुल वर्कर्स के 93 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा हैं। सुपरवाइजर और मैनेजर को इसके कवरेज से बाहर रखा गया है जो गलत है। कोड में सभी कामगारों को शामिल किया जाना चाहिए, चाहे वे किसी भी तरह के काम के हों, जैसे अप्रेंटिस/ट्रेनी, क्योंकि उन्हें भी कई तरह के रिस्क होते हैं; कई बार अनुभव की कमी के कारण उन्हें नियमित कामगारों से भी ज्यादा जोखिम होता है।

दूसरी श्रेणी के कामगार, जैसे खेती, घरेलू काम, सीवरेज, नमक, सिक्योरिटी गार्ड, जंगल, आईटी, कूरियर, आंगनबाड़ी आदि के हितों को काफी हद तक नज?अंदाज किया गया है। स्पष्ट कारणों से महिला कार्यबल के हितों को प्राथमिकता देनी होगी।

ओएसएच कोड कई कानूनी सुरक्षा उपायों को कमजोर करता है जो पहले के क्षेत्र विशेष के कानूनों जैसे कि फैक्टरी एक्ट, माइंस एक्ट, कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट और इंटर-स्टेट माइग्रेंट वर्कर एक्ट के तहत मौजूद थे। इनमें से कई पुराने कानूनों में खास तौर पर ज्यादा जोखिम वाले सेक्टर के लिए विस्तार से नियम बनाए गए थे। नया कानूनी ढांचा नियोक्ताओं और सरकारों को बहुत ज्यादा सुविधा देता है, जबकि कामगारों को अनेक अधिकारों से दूर रखता है। इसके अलावा, कोड सिर्फ उन जगहों पर लागू होता है जहां 10 या उससे ज्यादा वर्कर हैं, खतरनाक कामों के लिए कुछ छूट हैं।

# वोट चोरी के आरोपों के बीच कांग्रेस ने दिल्ली रैली हेतु कार्यकर्ताओं को किया लामबंद, रणनीति बैठक संपन्न

## महारैली में बड़ी भागीदारी का दावा, सत्ता के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दिल्ली के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित महारैली को लेकर चित्रकूट में तैयारियों का दौर तेज हो गया है। पुरानी बाजार स्थित करवरिया लॉज में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी कर सत्ता में बनी है और चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वोट चोर सत्ता छोड़ नारे वाली इस महारैली में अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें। जिला कोऑर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडे ने कहा कि संगठन को एकजुट होकर संघर्ष की दिशा तेज करनी होगी। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे ने दावा किया कि मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुँचकर तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज दर्ज कराएंगे। जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत जोड़ो आंदोलन से लेकर सभी बड़े आंदोलनों में चित्रकूट के कार्यकर्ताओं ने हमेशा दमदार उपस्थिति दर्ज की है और इस बार भी जिले से सैकड़ों की संख्या में लोग दिल्ली रवाना होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, गुलाम वर्मा, राकेश वर्मा, सविता पाल, नीरू गुप्ता, हीरालाल मिश्रा समेत विभिन्न ब्लॉकों और संगठन इकाइयों के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दल्ली महारैली को लेकर बैठक में मौजूद कांग्रेसी।

**राशनकार्ड कार्यों में खत्म होगी दलाली और भागदौड़, ऑनलाइन प्रणाली लागू** चित्रकूट। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग ने राशनकार्ड से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण सेवाएं अब विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध करा दी हैं। विभाजन, स्थानांतरण, यूनिट हटाने, मुखिया परिवर्तन से लेकर सरेंडर तक हर प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। राशनकार्ड नंबर व मोबाइल नंबर से लॉगिन कर आधार आधारित ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदक खुद आवेदन कर सकेंगे। इससे राशनकार्ड धारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत खत्म होगी। आवेदन सक्षम प्राधिकारी की लॉगिन पर स्वतः पहुंचेंगे और 15 दिनों में निस्तारण होगा।

**जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक का सड़क हादसे में दुखद निधन, प्रशासन ने जताया दुख** चित्रकूट। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि चित्रकूट जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अफरोज खां का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद 7 दिसंबर की रात प्रयागराज स्थित जागृति अस्पताल में इलाज चल रहा था। तीन दिन की जद्दोजहद के बाद 10 दिसंबर की रात करीब 1 बजे उनका निधन हो गया। कलेक्ट्रेट और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।



कॅरियर मेले में मौजूद अधिकारीगण।

## कॅरियर मेला बच्चों के लिए बना दिशा सूचक, अधिकारियों ने दिया संघर्ष व सफलता का मंत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ, चित्रकूट।** राजकीय विद्यालयों में आयोजित हो रहे कैरियर मेला कार्यक्रम के तहत 9 दिसंबर को राजकीय हाईस्कूल मऊ में मेले का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम राम ऋषि रमन तथा विशिष्ट अतिथियों खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडेय, थाना प्रभारी मऊ और वरिष्ठ शिक्षाविद राम नारायण सिंह ने सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान मॉडल और पंख डायरी प्रदर्शनी ने कार्यक्रम को और जीवंत बनाया। मेले में हाईस्कूल के बाद विभिन्न विषयों से खुलने वाले करियर विकल्प चार्ट, बैनर और ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किए गए। अपने उद्बोधन में एसडीएम ने कहा कि कलम ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है, जबकि बीईओ ने बच्चों को प्रतियोगिताओं से न डरकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एसएचओ ने जीवन के सही और गलत रास्तों के अंतर को समझने की सीख दी। कार्यक्रम में अतिथियों का आभार शशि भूषण सिंह ने जताया तथा अंत में प्रधानाध्यापिका अंजना सिंह व अनीता देवी ने अतिथियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

# सीएचसी रामनगर के औचक निरीक्षण में खुली खामियां, एक्स-रे टेक्नीशियन न होने पर उठे सवाल, निरीक्षण में कई अनियमितताएं उजागर

### सीएमओ ने तय की नई गाइडलाइन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीएचसी रामनगर में गुरुवार को हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट के औचक निरीक्षण ने स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक तस्वीर सामने ला दी। जहां ओपीडी में 162 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया, वहीं जननी सुरक्षा वार्ड और एनबीएसयू वार्ड की व्यवस्था भी जांची गई। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक सहित चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद मिले, पर कई कमियों ने प्रशासन को चौकन्ना कर दिया। सबसे गंभीर स्थिति डिजिटली एक्स-रे मशीन की पाई गई, जो नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। अधीक्षक के अनुसार, टेक्नीशियन न होने से मशीन 24 घंटे नहीं चल पाती। इस पर सीएमओ ने दो पैरामेडिकल स्टाफ को चिन्हित कर प्रशिक्षित करने के आदेश दिए, ताकि मरीजों को रात-दिन एक्स-रे सुविधा मिल सके। निरीक्षण में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित नसबंदी कैंप की भी समीक्षा हुई, जिसमें 54 महिलाओं का पंजीकरण किया गया था। सीएमओ ने निर्देशित किया कि ऑपरेशन के बाद महिलाओं को कंबल, बेड और दवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा घर भेजने से पहले एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित हो। सफाई व्यवस्था, टूटी खिड़कियों, वार्डों के गंदे गद्दों और निष्प्रयोज्य सामग्री का ढेर भी सवालों में रहा। सीएमओ ने सर्दी को देखते हुए वार्डों में हीटर, कंबल और तीमारदारों के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही यू-विन पोर्टल पर टीका उत्सव की सभी गतिविधियों, पुराने बच्चों का लंबित टीकाकरण, अपंजीकृत बच्चों का पंजीकरण और आयुष्मान कार्ड के शत-प्रतिशत निर्माण को प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए गए।



रामनगर सीएचसी के निरीक्षण में मौजूद सीएमओ।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर ग्रामोदय में युवाओं ने जगाई सेवा और संवेदना की मशाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मानवाधिकारों को मानवीय जीवन की आधारशिला बताते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया गया। एनएसएस यूनिट की ओर से आयोजित समारोह लक्ष्य-गीत के संग शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो अमरजीत सिंह ने सेवा-भाव, सामाजिक जिम्मेदारी और एनएसएस की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। विशिष्ट अतिथि रवि राज और प्रो आञ्जनेय पांडेय ने मानवाधिकारों पर प्रेरक विचार रखे, जबकि अध्यक्षता कर रहे प्रो आरसी त्रिपाठी ने युवाओं की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलम सिंह गौर ने किया। गुजरात से एनआईसी कैंप से लौटे स्वयंसेवक आशुतोष चनपुरिया को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# 302 स्कूलों की जर्जर इमारतें और तारों का जाल, जिला प्रशासन ने की अहम समीक्षा

## हाईटेंशन लाइन पर बड़ा मंथन, विभागों को सौंपे कई अहम कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के परिषदीय विद्यालयों की जर्जर होती इमारतों और हाईटेंशन लाइन के खतरों को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अधिकारी चैंबर में आयोजित हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, लोकनिर्माण, लघु सिंचाई तथा विद्युत वितरण खंड कर्वी और राजापुर के अधिशासी-सहायक अभियंता शामिल रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत सूची में कुल 302 जर्जर भवन चिह्नित किए गए हैं। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अनुसार इनमें से 214 भवनों का मूल्यांकन पूरा हो चुका है, जबकि 88 पर कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण भवनों का आगणन विवरण तुरंत उपलब्ध कराया जाए और शेष ढांचों की पूर्णता तिथि स्पष्ट बताई जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि 79 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन हेतु दो वर्ष पूर्व धनराशि भेजी जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को इन विद्यालयों में प्राथमिकता से बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिए। वहीं 103 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों का मामला भी गंभीर पाया गया। बताया गया कि इसके लिए 48.43 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं और टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि हाईटेंशन तारों को प्राथमिकता के आधार पर हटाकर स्कूलों को संभावित हादसों से सुरक्षित किया जाए।



बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

# जबलपुर ने लखनऊ को धूल चटाई, संस्कृति की घातक गेंदबाजी से फाइनल का रास्ता साफ

### महिला सेमीफाइनल में जबलपुर का जलवा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा आयोजित नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 के महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में जबलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को 6 विकेट से मात देकर फाइनल में जगह बना ली। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राखी चौबे, पतंजलि योगपीठ की जिला प्रभारी मंजू केशरवानी सहित महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर जबलपुर ने गेंदबाजी चुनी और संस्कृति की घातक स्पेल ने लखनऊ की रीढ़ तोड़ दी। संस्कृति ने 4 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जबकि पायल को 2 और मुस्कान व रेखा को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ 20 ओवर में 108 रन ही जोड़ सका, जिसमें कप्तान शिवांगी के 43 रन सर्वाधिक रहे। जवाब में जबलपुर ने 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मुस्कान ने नाबाद 36, मीनू यादव ने 19 और उजाला ने नाबाद 18 रन बनाए। लखनऊ की ओर से स्वीटी ने 2 विकेट लिए। घातक गेंदबाजी के लिए संस्कृति वुमन ऑफ द मैच बनीं। मैच संचालन में अम्पायर प्रवीण तिवारी, संतोष पाठक तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह का योगदान महत्वपूर्ण रहा। कल दूसरे सेमीफाइनल में पूर्वांचल और सागर आमने-सामने होंगे।



क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी।

**जवाहर नवोदय में सीट की जंग, 3415 परीक्षार्थी 13 दिसम्बर को उतरेंगे मैदान में** चित्रकूट। जिले में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को दस परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 3,415 बच्चों की किस्मत दांव पर होगी। मानिकपुर नवोदय के प्राचार्य राजेश बाबू ने बताया कि परीक्षा सुबह 11:30 से 1:30 बजे तक पहली पाली में होगी और सभी परीक्षार्थियों को एक घंटा पूर्व केन्द्रों पर उपस्थित होना अनिवार्य है। कर्वी के चित्रकूट इंटर कॉलेज में 613, मानिकपुर के दो केन्द्रों पर 456, ऐंचवारा में 341 और मऊ क्षेत्र के दो केन्द्रों पर 590 बच्चे परीक्षा देंगे। पहाड़ी क्षेत्र में 712 बच्चे, जबकि रामनगर क्षेत्र के 703 परीक्षार्थी राजापुर और छीबों के केन्द्रों में परीक्षा देंगे। जिले में सीटों के लिए इस बार कड़ा मुकाबला रहने वाला है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ़/चित्रकूट।** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में गुरुवार को शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेशित छात्रों के लिए फ्रेशर फंक्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। छात्रों ने सरस्वती गीत, नृत्य और गायन सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपना परिचय दिया और इसके पश्चात उन्हें मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। इसके अलावा, संयुक्त प्रवेश परीक्षा और पिछले वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन द्वितीय और अंतिम वर्ष के छात्रों ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता और स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएँ दी। फ्रेशर फंक्शन में छात्राओं और छात्रों की प्रतिभा, ऊर्जा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे यह समारोह यादगार और उत्साहपूर्ण बना।



फ्रेशर फंक्शन में पुरस्कार और मेडल के साथ सर्वश्रेष्ठ छात्रगण।

## कलेक्ट्रेट में हेलमेट जागरूकता की अनोखी पहल, फूल देकर समझाया सड़क सुरक्षा का संदेश



हेलमेट पर जागरूकता संदेश देते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक अनोखी पहल देखने को मिली। जिलाधिकारी के निर्देश पर बिना हेलमेट पहुंचे आगंतुकों को रोककर न सिर्फ जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक फूल भी भेंट किए गए। प्रशासन का उद्देश्य था कि लोग समझें-हेलमेट कानून का बोझ नहीं, बल्कि अपनी जान की सुरक्षा का सबसे सरल उपाय है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों का बड़ा कारण हेलमेट न पहनना है, इसलिए सभी वाहन चालक इसे आदत बनाएं। उन्होंने आगाह किया कि आगे से बिना हेलमेट वाहन चलाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का कहना है कि जनहित में ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि चेतावनियों से पहले जागरूकता लोगों के जीवन में सुरक्षा का कवच बन सके।

### आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके पर जांच और फोटो संलग्न करें- डीएम

**चित्रकूट।** जिले में आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा निर्देश जारी किया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कई मामलों में जांच अधिकारी मौके पर जाँच करने के बावजूद संबंधित साक्ष्य आख्या में संलग्न नहीं करते, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार शिकायत करनी पड़ती है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब आईजीआरएस से प्राप्त संदर्भों की जाँच करने वाले अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को भी सुनें और उसी समय गुणवत्ता पूर्ण जाँच आख्या तैयार करें। साथ ही, अधिकारी अपनी स्वयं की फोटो भी आख्या के साथ संलग्न करेंगे, ताकि भविष्य में उसी प्रकरण पर पुनः शिकायत की स्थिति न बने।

# नई शिक्षा नीति के लक्ष्य पर केंद्रित दो दिवसीय प्रशिक्षण में बालिकाओं के सशक्तिकरण पर जोर

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बीआरसी मऊ सभागार में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत मीना मंच पावर एंजिल के सशक्तिकरण हेतु दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडेय द्वारा मां सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप बालिकाओं के नामांकन, उपस्थिति और जीवन कौशल विकास को मजबूत करना रहा। संदर्भ दाता आलोक श्रीवास्तव और प्रेमचंद्र यादव ने मीना मंच गठन, पावर एंजिल चयन, पॉक्सो एक्ट, बालिका सुरक्षा, बाल विवाह, अरमान मॉड्यूल व आधा-फुल कॉमिक बुक्स पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागी शिक्षकों को विभिन्न केस स्टडी से अवगत कराया। साथ ही वीरांगना पोर्टल, टूल-टेन, पोषण और आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर बीईओ ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर मीना मंच की गतिविधियाँ बालिकाओं को निडर, शिक्षित और सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।



कार्यक्रम के शुभारम्भ पर सरस्वती पूजन करते अधिकारीगण।

## महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कला दीर्घा में नाना जी देशमुख की जीवन झलकियों की प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कला दीर्घा में गत दिवस भारत रत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सेवा भारती के राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी, जिनमें राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विजय पुराणिक, कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री गजेन्द्र और महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री आत्माराम शामिल थे, ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डॉ. राकेश कुमार ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और संरचना पर प्रकाश डाला, जबकि गुरु प्रकाश शुक्ल और सुशील मिश्रा ने ग्रामोदय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया।

# ट्रम्प ने फिर दोहराया दावा: भारत- पाकिस्तान संघर्ष मैंने रोका, जबकि भारत करता रहा इनकार



**अमेरिका**
**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर भारतझपाकिस्तान तनाव को लेकर अपने पुराने दावे को दोहराते दिखाई दिए। मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने पेन्सिलवेनिया के माउंट पोकोनो में आयोजित एक चुनावी सभा में कहा कि इस वर्ष मई में भारत और पाकिस्तान ह्लटकराव की स्थिति में थेह्व और उन्होंने इस संघर्ष को ह्लखत्म करायाह्व। बता दें कि ट्रम्प इसी दावे को अब तक लगभग 70 बार दोहरा चुके हैं, जबकि भारत ने हर बार स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच किसी भी प्रकार की मध्यस्थता या थर्ड पार्टी हस्तक्षेप की बात नहीं होती है।

गौरतलब है कि 7 मई को भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस अभियान के दौरान चार दिनों तक ड्रोन और मिसाइल हमलों का सिलसिला चला और 10 मई को दोनों देशों के बीच युद्धविराम जैसा समझौता हुआ था। भारत का रुख लगातार यह रहा है कि सुरक्षा, सीमा नियंत्रण और दहशतगर्दी से निपटने के मुद्दे द्विपक्षीय स्वरूप में ही सुलझाए जाते हैं और बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है।

इसी भाषण में ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ह्लकंबोडिया और थाईलैंड फिर लड़ाई की स्थिति में हैंह्व और वह ह्लकल फोन कर इसे भी रोक देंगे।ह्व ट्रम्प के शब्दों में, वे इसे ह्लशक्ति के माध्यम से शांति स्थापित करनेह्व का तरीका बताते हैं, जो उनके अनुसार पहले भी कई देशों के बीच तनाव कम करने में कारगर रहा है।

इमिग्रेशन पर बोलते हुए ट्रम्प ने कहा कि 50 साल बाद पहली बार अमेरिका में ह्लरिवर्स माइग्रेशनह्व देखने को मिल रहा है, जिससे ह्लअमेरिकी नागरिकों के लिए नौकरियां और वेतन में सुधार हुआ है, न कि अवैध प्रवासियों के लिए।ह्व मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने तथाकथित ह्लथर्ड वर्ल्ड माइग्रेशनह्व पर स्थायी रोक की भी घोषणा दोहराई और कुछ देशों के प्रवासियों को आर्थिक, सुरक्षा और सामाजिक खतरे का कारण बताया। इसी संदर्भ में उन्होंने अफगानिस्तान, हैती, सोमालिया और अन्य देशों को ह्लखतरनाक क्षेत्रह्व कहते हुए अपमानजनक भाषा में उल्लेख किया, जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी आलोचनाएँ हो चुकी हैं।

बता दें कि इसी माह अमेरिकी प्रशासन ने 19 उच्चझजोखिम देशों के लिए नई सुरक्षा स्क्रीनिंग गाइडलाइन जारी की है, जिनमें अफगानिस्तान, चाड, कांगो, क्यूबा, सोमालिया, सूडान, ईरान, लीबिया, वेनेजुएला और यमन शामिल हैं। ट्रम्प द्वारा जारी पूर्व राष्ट्रपति आदेश के तहत इन देशों से आने वाले प्रवासियों पर प्रतिबंध और सख़्त जांच पहले से लागू है। इन प्रावधानों का आधार यह बताया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवादझनियंत्रण और जनझसुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि कई मानवाधिकार संगठनों ने इस नीति को पक्षपाती और असंतुलित बताया है।

**● ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष को रोकने में उनकी पहल सफल रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 मई से दोनों देशों के बीच तनाव में कमी आई है। भारत की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही, ट्रम्प ने अपनी नई माइग्रेशन और सुरक्षा स्क्रीनिंग नीति लागू करने की घोषणा की है**

ट्रम्प के बयानों के बीच यह भी उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर कई बार भारत ने स्पष्ट किया है कि दक्षिण एशिया की सामरिक और सीमा संबंधी संवेदनाएँ संवैधानिक संप्रभुता और कूटनीतिक संवाद की शर्तों पर आधारित हैं और किसी भी बाहरी शक्ति द्वारा समाधान का दावा वास्तविक स्थिति को नहीं बदल सकता है, क्योंकि यह संबंध दो देशों की संप्रभु संरचना के भीतर ही प्रबंधित किए जाते हैं।

# अचानक शुरू हो गए भीषण हवाई हमले, F-16 रॉकेट से अटैक, देश छोड़कर भागे लोग, जंग में कूदे ट्रंप



**थाईलैंड**
**थाईलैंड** और कंबोडिया के बीच भड़की जंग ने अचानक भयंकर रूप ले लिया है। दोनों देशों की ओर से भीषण हमले शुरू हो गए हैं। गोलीबारी के साथ ही हवाई हमले किए जा रहे हैं और लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। दरअसल लगभग 8 महीने पहले थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 5 दिनों तक लड़ाई चलीथी जिसमें 50 से ज्यादा मौतें हुई थी और 3 लाख से ज्यादा लोग पलायन कर गए थे। हालांकि अक्टूबर में दोनों देशों के बीच सीज फायर हो गया। ट्रंप ने दावा किया था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच उन्होंने ही समझौता कराया था। जिसके बाद यह जंग रुकी थी। लेकिन सरपंच ट्रंप का यह समझौता ज्यादा दिन तक नहीं टिका। अब एक बार फिर दोनों देशों के बीच जंग भड़क गई है। दोनों देशों ने झड़पों के बाद बॉर्डर पर सैनिकों की तैनाती बढ़ाते हुए फाइटर जेट समेत कई हथियार तैनात कर दिए हैं।

थाईलैंड का यह कहना है कि कंबोडियाई सेना ने ड्रोन और इट21 रॉकेटों का इस्तेमाल करके उनके देश पर हमला किया है। रॉयर्स और द गार्जियन की रिपोर्ट भी कहती है कि कंबोडिया ने थाईलैंड पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया जो अक्टूबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हुआ। थाईलैंड ने नवंबर में समझौते को निलंबित कर दिया था जब एक थाई सैनिक को सीमा पर लगाए गए खदान में चोट लगी।

कंबोडिया हालांकि इन आरोपों को खारिज करता रहा है। बीते 48 घंटे से अधिक का वक्त हो गया है। अब तक मारने वालों का यह आंकड़ा 14 के पार पहुंच चुका है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उसके नौ नागरिक मारे गए हैं। 20 से अधिक लोग घायल हैं। जबकि थाई सेना ने चार सैनिकों से अधिक की मौत और 68 घायलों की पुष्टि की है। बताया यह भी जा रहा है कि थाईलैंड ने सीमा के पास 1.71 लाख लोगों को निकाला है। जबकि कुल 5 लाख से अधिक लोग दोनों देशों में इस वक्त शरणार्थी बन गए हैं।

अमेरिकी विदेशी विभाग ने दोनों देशों के बीच फिर से शुरू हिंसा पर चिंता जताते हुए तुरंत युद्ध विराम की अपील की है। लेकिन थाईलैंड ने साफ कर दिया है कि अब कूटनीति के लिए कोई जगह नहीं बची है। थाईलैंड का कहना है कि कूटनी तभी काम करती है जब उसके लिए माहौल हो। अभी फिलहाल कोई ऐसा माहौल नहीं है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लंबे समय से प्रियविहर और तायन थॉम जैसे प्राचीन शिव मंदिरों को लेकर सीमा विवाद है। यह मंदिर दोनों देशों की सीमा के बिल्कुल पास हैं और आसपास की जमीन पर दोनों देश अपना-अपना दावा करते हैं। कंबोडिया के लिए प्रिय विहर मंदिर सांस्कृतिक गौरव का एक प्रतीक है।

# यूनुस सरकार में दरार... मंत्रिमंडल से दो सलाहकारों ने दिया इस्तीफा



**बांग्लादेश**
**मुख्य** सलाहकार के प्रेस विंग ने बुधवार को बताया कि महफूज आलम और आसिफ महमूद साजीब भुइयां ने मंत्रिमंडल की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार पदों से इस्तीफा दे दिया है। यह उम्मीद की जा रही है कि ये दोनों सलाहकार आगामी संसदीय चुनावों में चुनाव लड़ेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त गुरुवार को संसदीय चुनावों का कार्यक्रम घोषित करेंगे। महफूज आलम और आसिफ महमूद ने अंतरिम सरकार के सलाहकार के रूप में कार्य किया, जो शेख हसीना के विरुद्ध जुलाई 2024 के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले छात्रों का प्रतिनिधित्व करते थे। महफूज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सलाहकार थे, जबकि आसिफ महमूद स्थानीय सरकार, ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्रालय और युवा एवं खेल मंत्रालय के सलाहकार थे।

5 अगस्त 2024 को अवामी लीग सरकार के पतन के बाद, एक जन विद्रोह हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 8 अगस्त को प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ। अब तक, सलाहकार परिषद में मुख्य सलाहकार सहित 23 सदस्य हैं। इनमें से दो छात्र प्रतिनिधियों ने इस्तीफा दे दिया। सरकार के गठन के समय छात्र प्रतिनिधि मोहम्मद नाहिद इस्लाम सलाहकार परिषद में थे। उन्होंने बाद में 25 फरवरी को इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एनसीपी) के संयोजक बन गए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर जोर, वाणिज्य सचिव और अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि की हुई मुलाकात

**रूस**
**भारत** और अमेरिका अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से मुलाकात कर व्यापार और आर्थिक संबंधों पर चर्चा की। दोनों पक्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। यह जानकारी भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन वाणिज्य विभाग द्वारा जारी की गई है। ये वार्ता भारतीय वस्तुओं, विशेष रूप से वस्त्र, रसायन और झींगा जैसे खाद्य पदार्थों पर अमेरिकी टैरिफ जैसे मुद्दों को सुलझाने पर केंद्रित है, जो भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाए गए हैं। भारत इन टैरिफ से राहत चाहता है, जबकि अमेरिका अमेरिकी वस्तुओं पर कम टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं के साथ-साथ सोयाबीन और ज्वार जैसे कृषि उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है।

इससे पहले दिन में, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका की मजबूत आर्थिक और तकनीकी साझेदारी, चल रही व्यापार वाताओं और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के अवसरों पर चर्चा हुई।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से मुलाकात की। चर्चा में भारत-अमेरिका की मजबूत आर्थिक और तकनीकी साझेदारी, चल रही व्यापार वाताओं और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के अवसरों पर बात हुई।

# पाकिस्तान ने बेच दिया बलूचिस्तान! अमेरिका बड़ी खनन परियोजना के लिए देगा 1.25 अरब डॉलर

**अमेरिका**
**संयुक्त** राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक (एक्क्ट) ने रेको दीक महत्वपूर्ण खनिज परियोजना के विकास में सहयोग के लिए 1.25 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास की कार्यवाहक प्रभारी नताली ए बेकर ने एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने ऐसे सौदों को अमेरिकी कूटनीति का केंद्र बना दिया है।



नताली बेकर ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक ने हाल ही में पाकिस्तान के रेको दीक में महत्वपूर्ण खनिजों के खनन में सहयोग के लिए 1.25 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले वर्षों में एक्क्ट की वित्तीय सहायता से रेको डिक खदान के निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक 2 अरब डॉलर तक के उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी खनन उपकरण और सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी, साथ ही अमेरिका में अनुमानित 6,000 और पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियां सृजित होंगी।

# विदेश सचिव मिसरी ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि स्विट्जर से की मुलाकात



**स्विट्जर**
**विदेश** सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका की मजबूत आर्थिक और तकनीकी साझेदारी के साथ-साथ चल रही व्यापार वाताओं और दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाने के अवसरों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका की मजबूत आर्थिक और तकनीकी साझेदारी, चल रही व्यापार वाताओं और दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ बनाने के अवसरों पर चर्चा हुई। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक और कदम बढ़ाते हुए, व्यापार के लिए नए अमेरिकी उप राजदूत रिक स्विट्जर भारत में हैं और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच पहले ही कई दौर की बातचीत हो चुकी है। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। राजस्थानी प्रवासी दिवस के अवसर पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल मंगलवार से भारत में है।

# ईरान में हो रहा कुछ बड़ा? हलचल तेज, इजरायल में मचा हड़कंप

**इजराइल**
**इजराइल** की सेना यानी आईडीएफ ने चेतावनी दी है कि ईरान ने जून महीने के 12 दिनों के भीषण युद्ध के बाद अपनी बैलेस्टिक मिसाइलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है। आईडीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इजराइल की संसद के विदेश मामलों और रक्षा समिति की बंद बैठक में यह बात कही। अधिकारी ने कहा कि ईरान की यह रफ्तार उम्मीद से कहीं ज्यादा तेज है और इससे भविष्य में इजराइल पर हमले का खतरा बढ़ गया है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन की सरकार को यह चेतावनी के रूप में लेने को कहा गया है।

ईरानी स्टेट मीडिया के मुताबिक मिसाइलों ने ओमान की खाड़ी में नकली लक्ष्यों को सटीक निशाना बनाया। ईरान ने पिछले हफ्ते [संगीत] शघाई सहयोग संगठन यानी एसइओ के साथ भी सैन्य अभ्यास किया जिसमें आतंकवाद विरोधी अभियान पर फोकस था। यह घटनाएं इजराइल को लगता है कि ईरान अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मध्य पूर्व के इतिहास का एक बड़ा मोड़ था। इजराइल ने 13 जून को ईरान के परमाणु सुविधाओं, मिसाइल फैक्ट्रियों और सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के कई वरिष्ठ सैन्य कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और राजनेता मारे गए। जवाब में ईरान ने 631 बैलेस्टिक मिसाइलें दागी जिनमें से 500 इजराइल पहुंची।



आईडीएफ के अनुसार ईरान 2000 मिसाइलों का स्टॉक फिर से बना रहा है और भविष्य में 8000 तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनकी मिसाइल ताकत युद्ध से पहले से कहीं ज्यादा हो गई है। पश्चिमी राजनयिकों का भी मानना है कि ईरान मिसाइल उत्पादन को प्राथमिकता दे रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि ईरान ने चीन से सोडियम परेट जैसी सामग्री मंगाई है जो ठोस ईंधन मिसाइलों के लिए जरूरी है।